RNI NO. RAJHIN/2007/21050 वर्ष » 21 अंक » 75

टोंक » गुरुवार » 16 अक्टूबर, 2025

पृष्ठ » 08 मूल्य » 1 रुपए

# दैनिक खबरों की दुनिया

संस्करण
टोंक, जयपुर और
मुरैना (मध्य प्रदेश)

Phone : 9414885972, 9829017239 KKDJPR@GMAIL.COM www.khabronkiduniya.com

संपादकीय

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने नेताओं को लगाई फटकार

# सीट बंटवारे को लेकर नीतीश कुमार का गुस्सा फूटा

## चुनाव से पहले हो गया बवाल नीतीश कुमार हुए नाराज?





**बिहार** में एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) में उथल-पुथल मची हुई है। जेडीयू नेता और मौजूदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सीट बंटवारे के समझौते पर दोबारा बातचीत करने पर अड़े हुए है। वहीं, गठबंधन के अन्य सहयोगी दलों - हम (हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा) के प्रमुख जीतन राम मांझी और आर एल एम (राष्ट्रीय लोक पार्टी जनशक्ति मंच) के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने भी असंतोष जताया है। सोमवार को भाजपा द्वारा घोषित सीट बँटवारे के समझौते के अनुसार, हैं, 243 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा हैं। और जेडीयू दोनों को 101-101 की सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। चिराग पासवान के नेतृत्व वाले लोजपा (रामविलास) को 29 सीटें, तथा हम और आर एल एम को 6-6 सीटें मिली हैं।



डॉ. एल. सी. भारतीय
प्रधान सम्पादक

14 अक्टूबर की रात बिहार डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय कुशवाहा से मुलाकात की थी। इसके बाद कुशवाहा को दिल्ली बुलाया गया। यहां केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से उनकी मुलाकात हुई। मीटिंग से पहले कुशवाहा ने कहा था- Nothing is well in NDA" (एनडीए में सबकुछ ठीक नहीं है), लेकिन 45 मिनट चली मीटिंग के बाद कहा- सब ठीक है। हमारा गठबंधन बिहार चुनाव जीतेगा। अब सामने आया है कि मीटिंग में कुशवाहा राज्यसभा सीट और 1 एमएलसी सीट पर माने हैं। वे वर्तमान में बिहार से राज्यसभा सांसद हैं। अप्रैल 2026 में उनका राज्यसभा का कार्यकाल खत्म हो रहा है। दूसरी तरफ, प्रशांत किशोर ने कहा कि वे विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे।

सोमवार शाम अपने आवास पर बुलाई गई आपात बैठक में मुख्यमंत्री ने अपनी पार्टी के समझौता वार्ताकारों संजय झा, राजीव रंजन सिंह 'लल्लन', और विजय चौधरी को फटकार लगाई। बताया जा रहा है कि नीतीश कुमार इस बात से नाराज़ है कि उनकी टीम ने भाजपा के साथ बराबर की सीटें स्वीकार कर लीं और साथ ही कुछ पारंपरिक जेडीयू सीटें भाजपा या लोजपा (रामविलास) को सौंप दीं। उदाहरण के लिए, भाजपा ने मुंगेर जिले की तारापुर सीट से उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को उम्मीदवार बनाया है, जबकि यह सीट 2010 से जेडीयू के कब्जे में थी। चौधरी का नाम भाजपा की मंगलवार को जारी 71 उम्मीदवारों की सूची में शामिल है।

सूत्रों के मुताबिक, नीतीश कुमार ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक समझौते पर दोबारा बातचीत नहीं होती, वे किसी भी एनडीए प्रेस कॉन्फ्रेंस में न तो खुद शामिल होंगे और न ही अपने किसी प्रतिनिधि को भेजेंगे। साथ ही, उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से यह स्पष्ट करने और तत्काल घोषणा करने की मांग की है कि यदि एनडीए दोबारा सत्ता में आती है, तो मुख्यमंत्री वही (नीतीश) होंगे। नीतीश चाहते हैं कि यह संदेश स्पष्ट और निर्विवादित रूप में दिया जाए, सिर्फ यह बयान देना ही पर्याप्त नहीं कि चुनाव उनके (नीतीश) नेतृत्व में लड़ा जा रहा है। दूसरी ओर, मांझी और कुशवाहा भी अपनी उपेक्षा को लेकर भाजपा से नाराज बताए जा रहे हैं। जहाँ हम के बहुत से नेताओं ने सीट बंटवारा तय होने से पहले ही प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी का रुख कर लिया था, वहीं, अब खबर है कि हम के कुछ अन्य सदस्य भी लगभग आधा दर्जन सीटों से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं।

भाजपा के नेतृत्व वाली केन्द्रीय सरकार पर कुप्रभाव पड़ता है अगर बिहार का चुनाव एनडीए के खिलाफ गया, अतः भाजपा भी सीटों के बँटवारे को नीतीश की शर्त के अनुसार दोबारा खोलने को तैयार हो जायेगी।

चूँकि बिहार में एनडीए गठबंधन की अस्थिरता का असर केंद्र सरकार की स्थिरता पर भी पड़ सकता है। इसलिये भाजपा जल्द ही, विशेषकर, जेडीयू के साथ सीट बंटवारे पर पुनर्विचार की पहल कर सकती है। फिलहाल, यह समझौता अधूरा और संशोधनाधीन है।

### जैसलमेर बस अग्निकांड के बाद 2 अफसर सस्पेंड

# नॉन एसी रजिस्टर्ड हुई थी बस, एसी में मॉडिफाई करवाई

### मौत का आंकड़ा बढ़ा

खबरों की दुनिया

**जोधपुर/चित्तौड़गढ़।** राजस्थान में स्लीपर बस अग्निकांड में बुधवार को सरकार ने एक्शन लिया। हादसे का शिकार हुई बस की बॉडी को चित्तौड़गढ़ में परिवहन विभाग ने अप्रूव किया था।

बस बॉडी को अप्रूव करने वाले चित्तौड़गढ़ के कार्यवाहक डीटीओ सुरेंद्र सिंह और सहायक प्रशासनिक अधिकारी चुन्नी लाल को सस्पेंड कर दिया।

हादसे के बाद जब प्रशासन ने बस से जुड़ी जानकारी जुटाई, तो खुलासा हुआ कि यह बस चित्तौड़गढ़ जिला परिवहन अधिकारी (डीटीओ) कार्यालय में पंजीकृत थी।

जांच में सामने आया कि बस मालिक ने नियमों की अनदेखी करते हुए नॉन एसी को एसी बस में मॉडिफाई करवा लिया था, जिसकी भनक परिवहन विभाग को भी नहीं लगी। एसीबी की ओर से भी मामले की जांच की जाएगी।

अग्निकांड में मृतकों की संख्या 21 हो गई है। हादसे में झुलसे 10 साल के यूनुस ने बुधवार सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। महात्मा गांधी हॉस्पिटल के अनुसार 4 मरीज वेंटिलेटर पर हैं।




जब हादसे की जानकारी मिली तो चित्तौड़गढ़ परिवहन विभाग के अधिकारी भी सकते में आ गए। इस बस मालिक की अन्य बसों की भी अब जांच करवाई जा रही है।

**जिला कलेक्टर पहुंचे, दस्तावेज देखा:** हादसे के बाद राज्य सरकार के निर्देश पर चित्तौड़गढ़ जिला कलेक्टर आलोक रंजन बुधवार को प्रादेशिक परिवहन अधिकारी कार्यालय पहुंचे और परिवहन अधिकारी नेमीचंद पारीक तथा जिला परिवहन अधिकारी नीरज शाह से बस पंजीयन के संबंध में जानकारी ली।

### शवों की पहचान के लिए डीएनए सैंपल लिए जा रहे

हादसे में मारे गए लोगों के शवों की पहचान के लिए जोधपुर और जैसलमेर के हॉस्पिटल में डीएनए सैंपल लिए जा रहे हैं। सैंपल कलेक्शन के प्रोसेस में देरी को लेकर लोगों ने नाराजगी जताई है। इस पर हॉस्पिटल अधीक्षक ने कहा कि वैरिफिकेशन में थोड़ा समय लगता है, ताकि कोई गलती न हो। अधिकतम 24 घंटे में शवों की पहचान की प्रोसेस पूरी हो जाएगी।

### डीएनए सैंपल के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए

महात्मा गांधी अस्पताल जोधपुर के कॉटेज संख्या 4 और 5 में और जैसलमेर स्थित जवाहर अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में विशेष व्यवस्था की गई है। हेल्पलाइन नंबर जिला नियंत्रण कक्ष जोधपुर- 0291-2650349, 2650350 महात्मा गांधी अस्पताल- 09414159222 राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला ( जोधपुर-9414919021 ट्रॉमा सेंटर ,जवाहर अस्पताल, जैसलमेर-9460106451, 9636908033 जैसलमेर हेल्पलाइन नंबर- 9414801400, 8003101400, 02992 252201, 02992 255055।

### एसीबी करेगी मामले की जांच

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) चित्तौड़गढ़ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि जैसलमेर बस दुखांतिका में एसीबी की ओर से भी जांच की जाएगी। इस मामले में चित्तौड़गढ़ जिले के किन परिवहन अधिकारियों की और से पद का दुरुपयोग करते हुए बस मालिक को फायदा पहुंचाया गया है, तथा मापदंडों के अनुरूप नहीं होने के बावजूद भी बस का किस आधार पर फिटनेस जारी किया गया है, इस संबंध में जांच कर इसकी रिपोर्ट तैयार कर शीघ्र उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

# जयपुर में लो-फ्लोर बस में लगी आग : सवारियों के बताने पर भी ड्राइवर ने नहीं रोकी बस

### ट्रांसपोर्ट नगर से द्वारिकापुरी जा रही थी

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राजधानी में बुधवार दोपहर सवारियों से भरी लो-फ्लोर बस में आग लग गई। बस से धुआं और आग की लपटें उठते ही सवारियों ने बस रोकने को कहा। इसके बाद भी ड्राइवर नहीं माना। सवारियों के चिल्लाने पर बस को रोका। इसके बाद सवारियां उतरी। हादसा टोंक फाटक पुलिया का है। बता दें कि शहर में परिवहन की सुविधा उपलब्ध करवाने वाली जेसीटीएसएल की लो-फ्लोर में आग से इनकी मेंटनेंस पर सवाल उठ गया है। लो-फ्लोर बस के ब्रेक डाउन का ये पहला मामला नहीं है।



लो-फ्लोर बस ट्रांसपोर्ट नगर से द्वारिकापुरी जा रही थी। टोंक फाटक पुलिया पर पहुंचते ही बस से धुआं निकलना शुरू हो गया। धीरे-धीरे धुएं से पूरी बस ढक गई। बस में बैठी सवारियां डर गई। आग की चिंगारी देखकर तो अफरा-तफरी मच गई। सवारियों ने बस को रुकवाया और नीचे उतरकर अपनी जान बचाई।

### मौत की सजा के तरीके से सुप्रीम कोर्ट नाराज

# फांसी की जगह जहरीला इंजेक्शन नहीं दे सकते : केंद्र

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मौत की सजा के तरीके पर केंद्र के रुख पर नाराजगी जताई। सरकार ने उस सुझाव को मानने से इनकार कर दिया,जिसमें कहा गया था कि मौत की सजा पाए कैदियों को फांसी की जगह घातक इंजेक्शन का विकल्प दिया जाए।

दरअसल, एक जनहित याचिका में पारंपरिक फांसी की सजा को बदलकर घातक इंजेक्शन या इन दोनों में से किसी एक को चुनने का अधिकार दिए जाने की मांग की थी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ऋषि मल्होत्रा ने कहा- कम से कम दोषी कैदी को विकल्प तो दिया जाए कि वह फांसी चाहता है या घातक इंजेक्शन। घातक इंजेक्शन तेज, मानवीय और सम्मानजनक है। फांसी क्रूर, अमानवीय और लंबे समय तक कष्ट देने वाली प्रक्रिया है।

उन्होंने कोर्ट में बताया गया कि सेना में ऐसा विकल्प पहले से ही उपलब्ध है। हालांकि, सरकार ने अपने जवाबी हलफनामे में कहा कि ऐसा विकल्प देना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है।

सरकार की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट सोनिया माथुर ने तर्क दिया कि कैदियों को विकल्प देना एक नीतिगत फैसला है। वहीं, याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि



वर्तमान फांसी की प्रक्रिया में कैदी को लंबे समय तक दर्द और पीड़ा झेलनी पड़ती है। याचिकाकर्ता ने कहा- इसकी जगह घातक इंजेक्शन, फायरिंग स्क्वाड, इलेक्ट्रोक्यूशन या गैस चैम्बर जैसी विधियां अपनाई जा सकती हैं, जिनसे व्यक्ति कुछ ही मिनटों में मर सकता है। फांसी से मौत में लगभग 40 मिनट तक का समय लग सकता है।

### अमेरिका के 50 राज्यों में से 49 में इंजेक्शन का इस्तेमाल

याचिकाकर्ता ने बताया कि अमेरिका के 50 में से 49 राज्यों में घातक इंजेक्शन का इस्तेमाल किया जाता है। याचिका में मांग की गई थी कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 354(5) को असंवैधानिक घोषित किया जाए, क्योंकि यह अनुच्छेद 21 (जीवन के अधिकार) का उल्लंघन करती है। गियान कौर बनाम पंजाब राज्य के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के भी विपरीत है।

# आरएएस- 2023 भर्ती परीक्षा का फाइनल रिजल्ट जारी, जयपुर की राशि ने बनाई टॉप 10 में जगह

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित आरएएस मुख्य परीक्षा-2023 का फाइनल रिजल्ट जारी हो गया है। 972 पदों पर भर्ती के लिए आयोजित इंटरव्यू के बाद बुधवार को आयोग ने प्रदेश के 972 नए प्रशासनिक अधिकारियों की लिस्ट जारी की है। जिन्हें ट्रेनिंग के बाद पोस्टिंग दी जाएगी। इस बार के रिजल्ट में जयपुर की राशि कुमावत ने प्रदेशभर में 6वीं रैंक हासिल की।

दरअसल, आरएएस-2023 भर्ती के लिए 6 लाख 96 हजार 969 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनके लिए प्री परीक्षा का आयोजन 1 अक्टूबर 2023 को किया गया था। जिसमें कुल 4 लाख 57 हजार 927 अभ्यर्थी उपस्थित हुए थे। इसके बाद 20 अक्टूबर 2023 को आरएएस (प्रारंभिक) परीक्षा-2023 का परिणाम जारी किया गया था।

प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम में सफल रहे 19 हजार 355 अभ्यर्थियों के लिए मुख्य परीक्षा का आयोजन 20 और 21 जुलाई 2024 को किया गया था। इसका रिजल्ट 2 जनवरी 2025 को जारी किया गया।

# पं. सुरेश मिश्रा को जान से मारने की धमकी

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** सर्व ब्राह्मण महासभा एवं युवा संस्कृति के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा को जान से मारने की मिल रही है। मिश्रा ने धमकियों के खिलाफ जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ को शिकायत दर्ज करवाई है।

पं. मिश्रा ने बताया कि मुझे पिछले काफी समय से लगातार जान से मारने की धमकियाँ मिल रही है। अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मुझे बार-बार फोन कर धमकाया जा रहा है। हाल ही में, मुझे पाकिस्तान से भी कॉल फोन आया, जिनमें मुझे जान से मारने की धमकी दी गई। इन गंभीर परिस्थितियों को देखते हुए, पुलिस



आयुक्त कार्यालय में परिवाद दर्ज कराया है और संबंधित अधिकारियों को पूरी जानकारी भी दी है। इस मामले को लेकर पं. मिश्रा ने अपने परिवार की सुरक्षा के लिए भी आवेदन प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि यह केवल मेरी सुरक्षा का मामला नहीं है बल्कि समाज में ऐसे आपराधिक तत्वों के विरुद्ध एक सशक्त संदेश देने का भी समय है।

## कार्यकारी बोर्ड की सिफारिश : कॉमनवेल्थ गेम्स अहमदाबाद में होंगे

**नई दिल्ली।** कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स की कार्यकारी बोर्ड ने अहमदाबाद को 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी के लिए नॉमिनेट किया है। 26 नवंबर को ग्लासगो में होने वाली राष्ट्रमंडल खेल की बैठक में इस पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। भारत को मेजबानी के लिए नाइजीरिया के अबुजा शहर से चुनौती मिल रही थी। लेकिन कॉमनवेल्थ एग्जीक्यूटिव बोर्ड नाइजीरिया को 2034 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए सहयोग देगी। कॉमनवेल्थ गेम्स स्पोर्ट्स ने अपने प्रेस रिलीज में कहा, राष्ट्रमंडल खेलों की कार्यकारी बोर्ड ने 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए अहमदाबाद, भारत को मेजबान शहर के रूप में सिफारिश करने का फैसला लिया है।

# आयकर विभाग का एमटीएस रिश्वत लेते गिरफ्तार

### आयकरदाता के 58 लाख लौटाने की एवज में मांगे थे 15 हजार रुपए

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** जयपुर एसीबी ने बुधवार को आयकर विभाग जयपुर के एमटीएस (मल्टी टास्किंग स्टाफ) में काम करने वाले युवक को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए ट्रेप किया। आरोपी विष्णु पारीक निवासी झोटवाड़ा अभी एमटीएस (मल्टी टास्किंग स्टाफ) रेंज-प्रथम, आयकर विभाग में तैनात हैं। एडीजी एसीबी स्मिता श्रीवास्तव ने बताया- एसीबी चौकी जयपुर को परिवादी ने शिकायत दी की आयकर विभाग का कर्मचारी उसे खुद का पैसा देने के लिए 15 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा हैं। इसके बाद शिकायत का सत्यापन कराया गया।



परिवादी की फर्म साकेत जैम्स के आयकर रिटर्न वर्ष 2014-15 के आय कर अपील अधिकरण कोर्ट जयपुर की ओर से दिए गए फैसले में परिवादी के करीब 58 लाख रुपए आयकर विभाग को लौटाने का आदेश कोर्ट ने जून 2024 में दिया था। आयकर विभाग ने परिवादी को करीब 40 लाख रुपए रिटर्न किये और बाकी 18 लाख रुपए के लिए दूसरी अपील में होल्ड कर दिए।

### प्रधानमंत्री बोले- बुजुर्गों से युवाओं को जंगलराज की कहानी सुनवाइए

# नौकरी के बदले जमीन लेने वालों से बिहार को बचाना है : पीएम मोदी

एजेंसी

**पटना।** पीएम नरेंद्र मोदी ने मेरा बूथ, सबसे मजबूत अभियान के तहत बुधवार को बिहार के कार्यकर्ताओं से वर्चुअली बात की।

पीएम ने बिहार के एक कार्यकर्ता ओमप्रकाश से पूछा- जंगलराज को लेकर लगी प्रदर्शनी आपने देखी है क्या। आपके जिले में लगी है क्या? उन्होंने कहा- जी, हमारे यहां भी लगी है। पीएम ने कहा- 18 से 45 साल के लोगों को बहुत डिटेल से जंगलराज के बारे में बताइए। बुजुर्ग लोगों से उन्हें किस्से सुनवाइए। पीएम ने कहा- 18 से 45 साल के लोगों ने वो दौर नहीं देखा है, जिसने बिहार को बर्बाद कर दिया था। नक्सली पटरियां उड़ा देते थे। मालगाड़ी से चोरी होती है। लोग रात में घर से निकलने से डरते थे। सरकारी अफसर एक इलाके से दूसरे इलाके में जाते थे तो पुलिस स्कॉट देना पड़ता था। ऐसे माहौल में कोई कैसे जी सकता था। विकास के सारे काम ठप हो गए थे। बिहार की स्थिति बहुत मेहनत कर के बदली है। इस समय हम बिल्कुल भी रिस्क नहीं ले सकते हैं कि ऐसे लोग सरकार में आए जो फिर से बिहार को उस काल में धकेले।



पूर्वी चंपारण के जुड़े डॉक्टर कमलेश ने पीएम से कहा कि मैं बीजेपी में मंडल प्रभारी हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अरे आप डॉक्टर हैं तो आपको तो काफी लोग जानते होंगे। रोज 50-60 लोगों से बात करते होंगे। पुराने दिनों की बातें करते होंगे। क्या कहते हैं वो लोग।

कार्यकर्ता ने बताया कि हमारे समय में बिजली नहीं रहती थी। सड़कें नहीं थीं। सांसद, विधायक और आपकी मदद से अब हम अपने घर से 2 घंटे में पटना पहुंच जाते हैं। जहां अंधेरा था वहां आपके सहयोग से अब उजाले में रह रहे हैं।

पीएम ने पूछा- आपको क्या लगता है लोग हमारे काम से संतुष्ट हैं या नहीं। कार्यकर्ता ने कहा कि लोग आपके काम से खुश हैं। कार्यकर्ता खुद को विधायक, सांसद और पीएम समझते हैं।

पूर्णिया की मेघा देवी ने पीएम से कहा, मैं बूथ अध्यक्ष हूं। जितने भी कार्यकर्ता होते हैं हम उन लोगों से मिलते हैं। घर-घर जाते हैं। मैं जीविका में भी हूं। सरकार ने 10 हजार वाली योजना लालू की है। उससे लोगों को बहुत फायदा हो रहा है।

### भैया दूज हो उत्सव बना दीजिए

सभी महिला कार्यकर्ताओं को भैया दूज को उत्सव बनाना चाहिए। हर बूथ पर भाइयों को जुटाइए और सरकार की योजनाओं के बारे में बताइए। उन लोगों को लाभार्थियों से मिलवाइए।

### योजनाओं के लाभार्थियों से मिलिए


प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों से मिलिए। उनके वीडियो रिकॉर्ड कीजिए। ये वीडियो लोगों को दिखाइए। हो सके तो उनके मोबाइल में ये वीडियो ट्रांसफर कर दीजिए। परिवार के 4-5 लोग होते हैं। सब एक साथ वीडियो देखेंगे। योजनाओं के बारे में जानेंगे।

खबरों की दुनिया

**एक नजर**

## गौरव भूरिया ने एयर पिस्टल नेशनल प्रतियोगिता के लिए किया क्वालीफाई

खबरों की दुनिया



**लक्ष्मणगढ़।** यहां की बगड़िया स्कूल के विधार्थी गौरव भूरिया ने एयर पिस्टल की नेशनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। उक्त प्रतियोगिता उत्तराखंड के देहरादून में 44वी नोर्थ जोन शूटिंग प्रतियोगिता में 10 मीटर एयर पिस्टल में 400 में से 365 का स्कोर प्राप्त कर दिसंबर में दिल्ली में आयोजित होने वाली नेशनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है।

नोर्थ जोन चैंपियनशिप में दिल्ली, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

## लक्ष्मणगढ़ की लाडली खुशी शर्मा का गुजरात महिला क्रिकेट टीम अंडर 19 में हुआ चयन

खबरों की दुनिया



**लक्ष्मणगढ़।** विधानसभा क्षेत्र लक्ष्मनगढ के नरसास गांव निवासी लाड़ो खुशी शर्मा का गुजरात अंडर 19 महिला क्रिकेट टीम में चयन होने पर परिजनों व ग्रामीणों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।

चयनित बालिका खुशी के पिता अहमदाबाद प्रवासी व्यवसायी राजकुमार शर्मा ने बताया कि क्रिकेट टीम में लक्ष्मनगढ की पहली बालिका है जिसने यह मुकाम हासिल करते हुए कामयाबी हासिल कर कीर्तिमान स्थापित किया है।

उन्होंने बताया कि खुशी अंडर-19 बीसीसीआई इलाइट टी 20 ट्रॉफी टूर्नामेंट में रायपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित टूर्नामेंट अपनी टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्होंने बताया कि खुशी ने हाल ही में अहमदाबाद में हुए रिलायंस G1 कप टूर्नामेंट में खुशी ने टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सौराष्ट्र के खिलाफ 3 विकेट और फाइनल में बंगाल के खिलाफ 2 विकेट लिए थे।

## दीपावली पर्व पर शाम पांच बजे से होंगे बाबा श्याम के दर्शन, 19 घंटे रहेंगे पट बंद

खबरों की दुनिया



**खाटूश्यामजी।** कस्बे के प्रसिद्ध बाबा श्याम के दरबार में दीपावली पर्व पर विशेष सेवा पूजा का आयोजन के चलते बाबा श्याम के दीदार शाम पांच बजे होंगे। इस दौरान मंदिर के कपाट 19 घंटे बंद रहेंगे। श्रीश्याम मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि 19 अक्टूबर की रात्रि में शयन आरती के पश्चात मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 20 अक्टूबर को दीपावली पर विशेष सेवा पूजा के बाद शाम 5 बजे लखदातार का दरबार भक्तों के लिए पुनः खोला जायेंगे। भक्तों को लगभग 19 घंटे पश्चात बाबा श्याम के दर्शन का अवसर प्राप्त होगा। दीपावली पर्व के पावन अवसर पर बाबा श्याम को स्नान कराने के बाद तिलक श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर कमेटी ने भक्तों से अपील की है कि वे निर्धारित समय के अनुसार दर्शन व्यवस्था में सहयोग करें ताकि सभी श्रद्धालु सुचारू रूप से बाबा श्याम के दर्शन लाभ प्राप्त कर सकें।

## महालक्ष्मी पूजा में हुआ 201 कन्याओं का महापूजन



खबरों की दुनिया

**सीकर।** श्रीकल्याण धाम में धर्मगुरु सनातन रत्न महंत विष्णु प्रसाद शर्मा के सानिध्य में चल रही 16 दिवसीय महालक्ष्मी पूजा में विशाल कन्या पूजन हुआ। जिसमे 201 कन्याओं का महापूजन हुआ जिसमे सभी भक्तो ने बड़-चड़ कर हिस्सा लिया भक्तो की भारी भीड़ महालक्ष्मी पूजा में दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। महालक्ष्मी की महाआरती भक्त प्रतिदिन प्रातः एवं सायंकाल 08:15 बजे करते हैं। मंदिर व्यवस्थापक रविप्रसाद शर्मा ने बताया कि आज प्रातः 08:15 बजे मातृ पूजन किया जाएगा, जिसमे वृद्ध माताओं का पूजन किया जाएगा इससे एक नया संस्कार बच्चो में पड़ेगा।

## धन्वंतरि जयंती सप्ताह कार्यक्रम का आगाज

**सीकर।** धन्वन्तरी जयंती सप्ताह कार्यक्रम के तहत विश्व आयुर्वेद परिषद शाखा सीकर एवं राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय सीकर के संयुक्त तत्वाधान में कच्ची बस्ती राणी सती सीकर में स्वास्थ्य का शिविर आयोजन किया गया।

विश्व आयुर्वेद परिषद सीकर विभाग संयोजक डॉ. जितेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जिला आयुर्वेद चिकित्सालय के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रेमलता पाण्डेय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कच्ची बस्ति की महिलाको पुरुषों एवं बालकों को अपने जीवन में स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आहवान किया एवं बच्चों को स्वर्णप्राशन पिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

डा. ममता ताखर असि. प्रोफेसर बालरोग विभाग राजकीय आयुर्वेद महाविधालय सीकर ने बच्चो का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं दिनचर्या का पालन करने से होने वाले लाभ बताए।

### तंबाकू वेंडर लाइसेंसिंग पर प्रभावी कार्यशाला आयोजित

# शहर में बिना लाइसेंस तंबाकू विक्रय पर होगी सख्त कार्रवाई : शशिकांत शर्मा

खबरों की दुनिया

**सीकर।** नगर परिषद सभागार में सोमवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर परिषद सीकर की अध्यक्षता में तंबाकू वेंडर लाइसेंसिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शहर में तंबाकू उत्पादों की बिक्री को नियामित कर जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना था।

कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि डॉ. हंसा कुंडू (वाईटेल स्ट्रेटेजी, नई दिल्ली) ने कहा कि तंबाकू जनित बीमारियाँ आज वैश्विक स्तर पर एक गंभीर चुनौती हैं। उन्होंने बताया कि लाइसेंसिंग प्रणाली को तकनीकी रूप से लागू कर तंबाकू विक्रय को नियंत्रित करना ही सबसे प्रभावी उपाय है।



नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने नगर परिषद सीकर द्वारा तंबाकू नियंत्रण एवं नियमन के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी देते हुए कहा कि अब शहर में तंबाकू उत्पादों की बिक्री केवल अधिकृत वेंडरों के माध्यम से ही संभव होगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे तंबाकू से दूरी बनाए रखें और स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोग दें।

कार्यक्रम में राजन चौधरी (एस.आर.के.पी.एस. NGO) ने युवाओं को नशे से दूर रखने और जागरूकता फैलाने की अपील की। राजस्व अधिकारी प्रमोद सोनी (प्रभारी तंबाकू लाइसेंस शाखा) ने कार्यशाला का संचालन करते हुए पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से सीकर शहर में जारी तंबाकू वेंडर लाइसेंसों एवं अब तक की गई कार्रवाइयों की जानकारी साझा की। इस दौरान सुरेश निठारवाल (तंबाकू लाइसेंस शाखा) ने अतिथियों से तंबाकू के दुष्प्रभावों पर आधारित जनजागरूकता पोस्टर का विमोचन करवाया।

कार्यशाला में उपस्थित उप अधीक्षक पुलिस (SC-ST सेल) अजीत पाल ने कहा कि शहर में बिना लाइसेंस तंबाकू उत्पादों या अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्यशाला में डॉ. हंसा कुंडू, आयुक्त शशिकांत शर्मा, राजन चौधरी, राजस्व अधिकारी प्रमोद सोनी, अजीत पाल, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, जोन प्रभारी निरीक्षक, तंबाकू वेंडर, मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र की महिला समूह सदस्याएँ एवं नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें।

## सीकर के श्रीकल्याण अस्पताल मे एक ही दिन में हुई दो एडवांस व इमरजेंसी सफल सर्जरी

खबरों की दुनिया

**सीकर।** श्रीकल्याण अस्पताल सीकर के जनरल सर्जरी विभाग की यूनिट 3 में डॉ विजयपाल धायल (एसोसिएट प्रोफेसर) ने मरीज सिंगारी देवी उम्र 67 वर्ष निवासी नालोट, कुचामन का डायफ़्रैग्मेटिक हर्निया का एडवांस लेप्रोस्कोपिक विधी से सफल ऑपरेशन किया। इसमें मरीज के डायफ़्राग्म (पेट व छाती को अलग करने वाली झिल्ली) में छेद होने से मरीज की आँत तथा आमाशय, छाती में फँसकर फेफड़ों में चला गया था जिससे मरीज को सांस लेने में दिक़्कत, खाने पीने में परेशानी (उल्टी) और आँतो में रुकावट हो गई थी जिससे मरीज़ की हालत बहुत गंभीर थी। मरीज की सभी



आवश्यक जाँच करवाकर सफलता पूर्वक एडवांस्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की गई। इसमें मरीज के डायफ़्राग्म के छेद में फँसी आंतो व आमाशय को निकालकर, छेद को बंद (हर्निया रिपेयर) करके mesh लगाकर उसको फिक्स किया गया तथा 3 दिन बाद मरीज को नार्मल अवस्था में डिस्चार्ज कर दिया गया। ऑपरेशन टीम में डॉ विजयपाल धायल, डॉ सरोज गोरा, डॉ मुकेश मातवा एनेस्थिस्ट, सुमित्रा, विनोद ओ टी स्टाफ व रेहान वार्ड बॉय शामिल थे।

उसी दिन एस यू 3 में दुसरा ऑपरेशन रोड एक्सीडेंट में घायल हुए पिपराली के कृष्ण उम्र 26 वर्ष का न्यूरोसर्जन डॉ धर्मपाल गोदारा ने किया जो की एक इमरजेंसी ऑपरेशन था इसमें मरीज के सिर में लगने (हेड इंजरी) से हड्डी ब्रेन में धसने (डिप्रेस्ड फ्रैक्चर) से ब्रेन पर दबाव बढ़ गया और खून का थक्का (ई डी एच) बन गया था जिसे ऑपरेशन से इमरजेंसी में हटाकर मरीज को राहत दी गई और मरीज नार्मल डिस्चार्ज हो गया। दोनों ऑपरेशन डॉ राम रतन विभागाअध्यक्ष सर्जरी के मार्गदर्शन और मा योजना में निःशुल्क किए गए।

## विनायक स्कूल का वार्षिकोत्सव ग्लीम्स-2025 का शुभारंभ



खबरों की दुनिया

**सीकर।** शास्त्री नगर स्थित विनायक स्कूल में आज दो दिवसीय वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह ग्लीम्स-2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, पूर्व उपसभापति अशोक चौधरी एवं भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कमल सिखवाल ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम की रंगारंग शुरुआत गणेश वंदना से हुई। संस्था के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। छात्रों ने पार्टी सॉन्ग, रॉकस्टार, जोकर एक्ट, नवरात्रि स्पेशल डांस, फेस्टिवल ऑफ इंडिया, वैष्णो देवी एक्ट, स्पोर्ट्स थीम, द्वारिका एक्ट मुख्य रूप से प्रस्तुत किए। संस्था प्रधान विजय वशिष्ठ ने संस्था का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता रितु शर्मा, सौम्या चौधरी एवं भूमिजा शर्मा ने किया। अतिथियों का स्वागत एवं आभार संस्था निदेशक रमेश शास्त्री ने किया।

## फर्जी स्कैनर लगाकर लगा लोगों को लग रहा था चूना

खबरों की दुनिया

**खाटूश्यामजी।** कस्बे की धार्मिक नगरी में दिन प्रतिदिन क्राइम बढ़ता ही जा रहा है और क्राइम करने का तरीका भी बढ़ता जा रहा है जिसके तहत स्थानीय पुलिस ने फर्जी पेटीएम कंपनी के स्कैनर व पेटीएम साउंड लगाकर लोगों की जेब काटने का कार्य कर रहा था।

थानाधिकारी पवन कुमार चौबे ने बताया कि अजय पूरी पुत्र राम प्रकाश पुरी गोस्वामी निवासी धामना तहसील करैरा जिला शिवपुरी एमपी द्वारा बाबा श्याम की नगरी में संचालित दुकानों पर फर्जी तरीके से पीटीएम स्कैनर लगा रहा था, जिसे लोगों को लाखों रुपए की चंपत लगा रहा था पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 50 से 60 पेटीएम



साउंड बैग मिले उन्हें जप्त कर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी।

## दीपावली का त्यौहार कच्ची बस्ती मे मनाया मिठाई और पटाखों से खिल उठे सबके चेहरे

खबरों की दुनिया

**सीकर।** सीकर में रानी सती रोड स्थित कच्ची बस्ती में बुधवार को दीपावली का त्योहार खुशिया और रोशनी का पर्व मनाया गया। यह त्यौहार मासूम बच्चों और कच्ची बस्ती में मनाया जाए तो इसकी चमक और भी बढ़ जाती है।

विश्व हिंदू परिषद की जिला उपाध्यक्ष गो सेविका ज्योति तनवानी ने यह आयोजन कच्ची बस्ती में किया बस्ती में रहने वाले परिवार के सदस्यों को मिठाई दीपक मोमबत्ती तेल पटाखे गणेश की प्रतिमा लक्ष्मी की प्रतिमा और कपड़े वितरित किए। परिवार के सभी सदस्य और बच्चे खुश हुए और सभी के चेहरे खिल उठे।

परिवार के बच्चों सहित उनकी



मुस्कान ही सच्ची दीपावली की रोशनी है।

बस्ती में रहने वाली निशा के परिवार ने कहा कि यह दीपावली हमारे लिए बहुत खास रहेगी, सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

## दीपावली एवं अन्य त्यौहारों पर पटाखों के उपयोग संबंधी प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

खबरों की दुनिया

**सीकर।** जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मुकुल शर्मा ने दीपावली पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा पटाखों के माध्यम से जनजीवन को खतरा उत्पन्न होने तथा लोकशांति भंग होने की आशंका को देखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यह आदेश सीकर जिले की सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में 14 अक्टूबर 2025 की सायं 6 बजे से 20 नवम्बर 2025 की सायं 6 बजे तक प्रभावी रहेगा। आदेशानुसार किसी भी व्यक्ति पर पटाखा, अग्निबाण या आतिशबाजी नहीं छोड़ी जाएगी तथा किसी पर निशाना साधकर या जलता हुआ पटाखा फेंकना प्रतिबंधित रहेगा। 125 डेसिबल से अधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले पटाखों की बिक्री, खरीद, परिवहन एवं उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिले में केवल ग्रीन आतिशबाजी की बिक्री एवं उपयोग की अनुमति होगी। ग्रीन आतिशबाजी की पहचान प्रत्येक बॉक्स पर नीरी द्वारा जारी कोड को स्कैन कर की जा सकेगी। पेट्रोल पंपों एवं गैस गोदामों से 100 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार की आतिशबाजी, विस्फोटक या ज्वलनशील पदार्थ रखना या चलाना वर्जित रहेगा। दीपावली, गुरु पर्व एवं अन्य त्यौहारों पर रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक, छठ पर्व पर प्रातः 6 बजे से 8 बजे पटाखे चलाने, छोड़ने की अनुमति होगी। आदेश की अवहेलना या उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सी के बिरला अस्पताल, जयपुर द्वारा विश्व गठिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

### विशेषज्ञ डॉक्टरों ने गठिया रोग के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में दी विस्तृत जानकारी

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** सी के बिरला अस्पताल, जयपुर द्वारा विश्व गठिया दिवस (World Arthritis Day) के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अस्पताल के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. अशिष शर्मा, डॉ. ललित मोदी, डॉ. इक्षित अग्रवाल तथा डॉ. हितेश जोशी ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया और गठिया रोग (Arthritis) से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

डॉक्टरों ने बताया कि गठिया एक ऐसी समस्या है जो जोड़ों में दर्द, सूजन और अकड़न पैदा करती है, लेकिन सही समय पर पहचान और उपचार से इसे प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकता है।






उन्होंने प्रतिभागियों को रोग के कारण, लक्षण, रोकथाम और आधुनिक उपचार पद्धतियों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही, सभी ने नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में आम नागरिकों ने भाग लिया और विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर अपने प्रश्न पूछे। जिससे कई लोगों को लाभ मिला।

अस्पताल के वाइस प्रेसिडेंट अनुभव सुखवानी ने बताया कि, 'सी के बिरला अस्पताल सदैव ऐसे जनकल्याणकारी और जागरूकता बढ़ाने वाले कार्यक्रमों के आयोजन में अग्रणी रहा है।' उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के प्रयासों से समाज में स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़ती है और लोगों को समय रहते सही इलाज लेने की प्रेरणा मिलती है।

कार्यक्रम के अंत में विशेषज्ञों ने संदेश दिया कि गठिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए नियमित जांच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाना अत्यंत आवश्यक है।

खबरों की दुनिया
एक नजर

## देवली उनियारा में 12 क्षतिग्रस्त पुलियाओं का होगा निर्माण, 10.75 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली

**खबरों की दुनिया**

**टोंक।** देवली उनियारा विधानसभा क्षैत्र में बरसात से क्षतिग्रस्त हुए पुलियाओं के निर्माण के लिए 10 करोड़ 75 लाख रुपए की मंजूरी मिली हैं। सार्वजनिक निर्माण विभाग जयपुर के संयुक्त सचिव द्वारा इन पुलियाओं की प्रशासनिक व वित्तिय स्वीकृति जारी की हैं। इसके लिए विधायक राजेंद्र गुर्जर ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार जताया हैं। अब शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा इनका काम शुरू किया जाएगा। विधानसभा क्षैत्र के कुंडेर से सेंदरी सड़क पर पुलिया निर्माण कार्य के लिए 83 लाख रुपए, उनियारा-पलाई-नगरफोर्ट- दूनी-आंवा सड़क के लिए 85 लाख रुपए, उनियारा-इंद्रगढ़ सड़क 3 करोड़ 85 लाख रुपए, महुआ से देवली 75 लाख, पाड़ल्याचारण, अनवरनगर से आली का भैरू 80 लाख, स्टेट हाईवे 29 से अनवरनगर 82 लाख, सोप आमली से पायगा 5/200 - सड़क के लिए 30 लाख, सोप आमली से पायगा 5/800 सड़क तक 30 लाख, गुराई से जैल रोड़ 83 लाख, गैरोली मुगलाना धुंआकला 22 लाख, आंवा सीतापुरा रोड़ से नयागांव कल्याणपुरा 55 लाख, एनएच-12 से पोल्याडी 65 लाख रुपए की स्वीकृति जारी हुई हैं। इन सभी बारिश से क्षतिग्रस्त हुई पुलिया के नवीनीकरण होने से क्षेत्र के लोगों, वाहन चालकों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी तथा लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी।

## राजकीय महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**खबरों की दुनिया**

**टोंक।** राजकीय महाविद्यालय, टोंक में बुधवार को एन.सी.सी प्रकोष्ठ व साइबर सुरक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल युग में सुरक्षित रहने, साइबर अपराधों से बचाव तथा जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने के प्रति जागरूक करना।

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. लोकेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के समय में इंटरनेट हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति सचेत रहना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता देवीलाल (एस.आई.) व इन्दरसिंह (सूचना सहायक) रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, पासवर्ड सुरक्षा, फिशिंग ई-मेल्स तथा सोशल मीडिया व्यवहार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि छोटे-छोटे सावधान कदम जैसे मजबूत पासवर्ड का प्रयोग, ओटीपी साझा न करना, और संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करना हमें साइबर अपराधों से बचा सकते हैं। लेफ्टिनेंट मो. बाकिर हुसैन ने सोषल मीडिया के उचित उपयोग व उनसे संबंधित एप्स की सुरक्षा के विषय में बताया। मंच संचालन कैडेट्स तनिषा कुमावत ने किया। कार्यक्रम में प्रो. महेश कुमार कुमावत, डॉ. नितेश कुमार शर्मा, निमिता गुप्ता, मंजू कुमार मीना और डॉ. कजोड लाल बैरवा आदि उपस्थित रहें।

## जीतू माहेश्वरी बने अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला टोंक के संगठन मंत्री

**खबरों की दुनिया**



**टोंक।** अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला टोंक के जिलाध्यक्ष रामजीलाल विजयवर्गीय ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए प्रदेश पदाधिकारियों की सहमति से जीतू माहेश्वरी को अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला टोंक का संगठन मंत्री नियुक्त किया है। जिला महामंत्री महेंद्र दुसाद खंडेलवाल लाला बताया कि इनके मनोनयन से संगठन को नई ऊंचाइयां मिलेगी, वह एक नई दिशा मिलेगी, इनके मनोनयन पर वैश्य समाज के प्रमुख घटकों सहित सभी बंधुओ ने हर्ष व्यक्त किया है, जिसमें ओमप्रकाश गुप्ता, अशोक गांधी, लक्ष्मी जैन, बिना जैन छामुनिया, रोहित जैन, राजेश मंगल, मथुरा दास भगत, अनिल कासलीवाल, भगवान दास सेठी, ललित विजयवर्गीय, रेखा जाजू, अंजली गुप्ता, अंजलि शेखावटिया, सुरेश जाजू, बलदेव विजयवर्गीय, केदार मेहरवाल, पूरे जिले के वेश्य समाज के सभी प्रबुद्ध जनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

गिव अप अभियान के तहत सक्षम लोगों को स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना से नाम हटवाने के लिए करे प्रेरित

# एनएफएसए में नाम जुड़वाने से जिले का कोई भी पात्र व्यक्ति नही रहे वंचित : सुमित गोदारा

**खबरों की दुनिया**






**टोंक।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग के मंत्री सुमित गोदारा ने बुधवार को टोंक जिला परिषद सभागार में समीक्षा बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने, गिव अप अभियान, नए जुड़े लाभार्थियों की आधार सीडिंग और ई-केवाईसी कराने के निर्देश दिए।

गोदारा ने जिले में गिव अप अभियान की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों से कहा की 89 हजार 982 व्यक्तियों ने गिव अप अभियान के तहत स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा से हटवाया है और 1 लाख 60 हजार नए लाभार्थी जुड़े है। इसमें और गति लाते हुए अभियान की सतत मॉनिटिरिंग कर 31 अक्टूबर तक जिले को दिए गए लक्ष्य के अनुरुप सक्षम लोगों को स्वेच्छा से एनएफएसए से अपना नाम हटवाने के लिए प्रेरित कर प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सक्षम व्यक्ति कार्यालय आकर, स्थानीय उचित मूल्य दुकानदार के माध्यम से एवं ऑनलाईन आवेदन कर खाद्य सुरक्षा का लाभ स्वेच्छा से छोड़ सकते है। उन्होंने जिले के सभी सक्षम लाभार्थियों से अपील कर कहा की वह अपना नाम स्वेच्छा से हटाये, ताकि जरुरतमंद व्यक्ति को योजना का लाभ मिल सकें।

कैबिनेट मंत्री गोदारा ने वर्ष 2022 और 2025 के एनएफएसए पोर्टल पर लम्बित आवेदनों के निस्तारण की वस्तुथिति की समीक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने उचित मूल्य की दुकानों पर पारदर्शिता बनाये रखने के लिए स्टॉक की नियमित जांच करने और वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने पर जोर दिया।

गोदारा ने राशन डीलरों के बकाया कमीशन एवं परिवहनकर्ताओं के लम्बित भुगतान की उपखंडवार समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए की सभी बकाया मामलो का नियमानुसार भुगतान शीघ्र पूर्ण किये जाये। उन्होंने नई दुकानों के आंवटन में देरी को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए जिला रसद अधिकारी को इसी माह प्रक्रिया को पूर्ण करने के निर्देश दिए। खाद्य मंत्री ने जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को इसकी मॉनिटरिंग करने के लिए कहा।

गोदारा ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की विभाग की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने में कोई कोताही नही हो और आमजन की शिकायतो का शीर्घ्र समाधान सुनिश्चित किया जाये। बैठक में जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका, जिला रसद अधिकारी इंद्रपाल मीना, जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान, पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं खाद्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहें।

पायलट का टोंक में स्वागत

## रेल लाओ संघर्ष समिति के खान ने टोंक रेल आरक्षण बुकिंग केंद्र शुरू कराए जाने की मांग की

**खबरों की दुनिया**



**टोंक।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं टोंक विधायक सचिन पायलट बुधवार की शाम को टोंक पहुंचे तो रेल लाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष तथा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, कांग्रेस जिला महासचिव अकबर खान ने पायलट का भव्य स्वागत किया।

टोंक विधायक सचिन पायलट से अकबर खान ने अपनी वर्षो पुरानी रेल की मांग दोहराते हुए कहा कि हाल ही में टोंक मुख्यालय पर बने रेलवे आरक्षण काउंटर को बंद किए जाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि बिना किसी सूचना के टोंक रेल आरक्षण बुकिंग केंद्र को रेल विभाग ने बंद कर दिया जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खान ने पायलट से मांग की है कि टोंक में बंद किया गया रेल आरक्षण बुकिंग केंद्र को फिर से शुरू कराया जाएं।

अकबर खान ने बताया कि टोंक मुख्यालय रेल से तो पता नहीं कब जुड़ेगा लेकिन मौजूदा रेलवे आरक्षण काउंटर को बिना किसी सूचना के जयपुर द्वारा बंद कर दिया गया है जिसको लेकर जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पायलट ने आश्वस्त करते हुए कहा कि मैं रेलवे अधिकारियों से बात करके पुनः इस काउंटर को चालू करवाउंगा।

पायलट टोंक पहुंचे तो अकबर खान ने 51 किलो की माला पहना करके आतिशबाजी व ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। जिस दौरान रामस्वरूप गुर्जर, हरदयाल मीणा, आसिफ खान, अजीज उल्लाह, रामरत्न चौधरी, रामगोपाल गुर्जर, नगीन भाई आदि मौजूद थे।

## चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ताबड़तोड़ कार्यवाही, लगभग 325 किलो सोन पपड़ी को किया सीज



**खबरों की दुनिया**

**टोंक।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थो के लगातार न केवल नमूने लिए जा रहे हैं बल्कि दूषित खाद्य सामग्री को नष्ट भी किया जा रहा है ताकि यह मिलावटी खाद्य सामग्री आमजन का स्वास्थ्य नहीं बिगाड़ सकें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी द्वारा गठित टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन लाल गुजर के नेतृत्व में रिद्धि सिद्धि एजेंसी मालपुरा के गोदाम पर छापा मारकर सोन पपड़ी भगवती ब्रांड का नमूना लेकर शेष बचे हुए लगभग 325 किलोग्राम सोन पपड़ी को जांच रिपोर्ट आने तक नियमानुसार सीज करके विक्रेता की सुरक्षित अभिरक्षा में रखने की सुपुर्दगी दी गई। सोन पपड़ी भगवती ब्रांड की पैकिंग पर निर्माण तिथि, उपयोग में लेने की तिथि व बैच नंबर अंकित नहीं होने के कारण एफएसएसए एक्ट के अंतर्गत नियमानुसार सीज किया गया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन लाल गुजर ने बताया की जांच रिपोर्ट में मिलावट पाएं जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 को तहत कठोर कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा दल द्वारा तिवाड़ी इंटरप्राइजेज मालपुरा से रसगुल्ला का नमूना, कुंदन मल चंदन मल से गुड़ व हींग का नमूना, बीकानेर मिष्ठान भंडार से मावा और मावा बर्फी का नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला भिजवाया गया है। जांच रिपोर्ट आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी गुजर ने बताया कि दीपावली के त्यौहार तक लगातार मिलावट के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी के साथ अविनाश साहू, रामेश्वर प्रसाद, तिलक वर्मा,

# अविकानगर संस्थान जैसे संस्थान देश के सभी स्थानों पर होते तो किसान व पशुपालकों को मिलता अधिक फायदा : गेब्रियल डी वांगशु







### संस्थान के विभिन्न सेक्टरों का लिया जायजा व तकनीकी की करी तारीफ

**खबरों की दुनिया**

**मालपुरा।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसन्धान संस्थान अविकानगर मे अरुणाचल प्रदेश के कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्यपालन एवं खाद्य ओर उपभोक्ता कैबिनेट मंत्री गेब्रियल डी वांगशु अपनी विभाग की टीम के साथ दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार की रात्रि को अविकानगर पहुंचे। संस्थान निदेशक डॉक्टर अरुण कुमार तोमर ने कृषि मंत्री का स्वागत किया। कृषि मंत्री अरूणाचल प्रदेश ने संस्थान की उन्नत तकनिकीयों एवं गतिविधियों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कृषि मंत्री ने अविकानगर संस्थान के खरगोश, दुम्बा, सिरोही बकरी, अविकालीन एवं अविशान सेक्टरो, ओर ऊन प्लांट एवं फीड टेक्नोलॉजी यूनिट पर आयोजित प्रदर्शनी के साथ पशुओ के फार्म का अविकानगर के निदेशक एवं सम्बंधित विभाग से विस्तार से चर्चा के साथ आवश्यक जानकारी लेते हुए अवलोकन किया। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश की वातावरण परिस्थिति, पशुधन संपदा एवं अपनी भविष्य की योजनाओं के साथ अविकानगर संस्थान से अविशान, अविकालीन एवं खरगोशपालन को अरुणाचल प्रदेश मे लाये जाने पर निदेशक डॉ अरुण कुमार एवं वैज्ञानिको टीम से विस्तार से संवाद किया। मंत्री द्वारा संस्थान के द्वारा किये जा रहे कार्य की प्रशंसा करते हुए अपनी ओर से संस्थान कि सेवाओ को अरुणाचल प्रदेश के किसान तक ले जाने के लिए निवेदन किया।

अविकानगर संस्थान के निदेशक डॉ अरुण कुमार तोमर द्वारा अपने प्रेजेंटेशन मे संस्थान की उपलब्ध तकनिकीयों एवं भेड़, बकरी एवं खरगोश पालन देश के किसान के लिए किये जा रहे प्रयास पर मंत्री एवं टीम को अवगत कराया। तथा भविष्य मे दोनों की ओर से अरुणाचल प्रदेश के लोगो के लिए मिलकर काम करने के लिए अपनी ओर से पुरा सहयोग के लिए आश्वासन दिया।

कृषि मंत्री एवं उनकी टीम को भविष्य मे संस्थान के साथ मिलकर अपने राज्य के किसानो, वेटरनरी प्रोफेशनल को प्रशिक्षण एवं सभी तरह के सहयोग के लिए अपनी ओर से आश्वासन दिया। मंत्री के साथ पधारे टीम के विभिन्न विषय के अधिकारीयों द्वारा अविकानगर वैज्ञानिक से विस्तार से चर्चा करते हुए भविष्य के कार्य योजनाओ को लेकर संवाद हुआ।

दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम का समन्वयक डॉ रणजीत गोदारा नोडल अधिकारी नार्थ ईस्ट रीजन एवं डॉ अरविन्द सोनी को-नोडल अधिकारी द्वारा आयोजित निदेशक के मार्गदर्शन मे करवाया गया। कृषि मंत्री एवं उनकी टीम का निदेशक अविकानगर एवं विभाग अध्यक्ष द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। साथ मे अरुणाचल प्रदेश के टीम द्वारा भी निदेशक का उनकी टीम के साथ जोरदार स्वागत हुआ। दो दिवसीय प्रदर्शनी, भ्रमण एवं संवाद कार्यक्रम को अविकानगर के विभाग अध्यक्ष डॉ रणधीर सिंह भट्ट, डॉ सिद्धार्थ सारथी मिश्रा, डॉ अजय कुमार, डॉ सत्यवीर सिंह डागी एवं समस्त अविकानगर वैज्ञानिको द्वारा पूरा सहयोग के साथ आयोजित हुआ।

## किसान महापंचायत राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट का दौरा आज

### किसानों की समस्याओं पर होगी चर्चा

**खबरों की दुनिया**

**निवाई।** किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट का गुरूवार को गांवों का दौरा रहेगा। किसान महापंचायत के ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि किसानों की समस्याओं को लेकर महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट आज गांवों का दौरा करेंगे। जिसको लेकर ग्राम पंचायत मूंडिया एवं चैनपुरा में राष्ट्रीय अध्यक्ष जाट का सैंकड़ों किसानों द्वारा स्वागत किया जाएगा। इस दौरान किसानों की कई समस्याओं को लेकर चर्चा की जाएगी।

**Office Of The Municipal Board Malpura District Tonk (Raj.)**

Sr.No. NPM/2025-26/2349 Date :- 09-10-2025

**Notice Inviting Bid**

Nagar Palika Malpura Bids For 30/2025 Nib No DLB2526A7126 of subject matters of procurement are invited from interested bidders Last Submission End Date 27.10.2025 Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal www.eproc.rajasthan.gov.in & www.sppp.rajasthan.gov.in.

Executive Officer
Municipal Board Malpura

Raj.Samwad/C/25/12252

**Office Of The Municipal Board Malpura District Tonk (Raj.)**

Sr.No. NPM/2025-26/2310 Date :- 09-10-2025

**Notice Inviting Bid**

Nagar Palika Malpura Bids For 27/2025 Nib No DLB2526A7063 of subject matters of procurement are invited from interested bidders Last Submission End Date 27.10.2025 Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal www.eproc.rajasthan.gov.in & www.sppp.rajasthan.gov.in.

Executive Officer
Municipal Board Malpura

Raj.Samwad/C/25/12254

**Office Of The Municipal Board Malpura District Tonk (Raj.)**

Sr.No. NPM/2025-26/2279 Date :- 09-10-2025

**Notice Inviting Bid**

Nagar Palika Malpura Bids For 24/2025 Nib No DLB2526A7059 of subject matters of procurement are invited from interested bidders Last Submission End Date 27.10.2025 Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal www.eproc.rajasthan.gov.in & www.sppp.rajasthan.gov.in.

Executive Officer
Municipal Board Malpura

Raj.Samwad/C/25/12259

# मारिया की राजनीति और राहुल गांधी की सियासी उलझन



हरीश शिवनानी
स्वतंत्र पत्रकार

**नोबेल शांति पुरस्कार 2025 विजेता वेनेज़ुएला की मारिया कोरिना मचाडो अपने देश में सरकार के खिलाफ, लोकतंत्र, मतदान में धांधली, भ्रष्टाचार आदि को लेकर संघर्ष कर रही है। कांग्रेसी मारिया और राहुल को एक ही डाल का पंछी मानते हैं। जबकि कांग्रेस की सियासत और मारिया की विचारधारा में गहरा अंतर्विरोध है।**

वैश्विक राजनीति अक्सर ऐसी जटिल उलझनें पैदा कर देती है जहाँ सिद्धांत और व्यावहारिक राजनीति के बीच का अंतर पेचीदा हो जाता है। नोबेल शांति पुरस्कार 2025 विजेता वेनेजुएला की मारिया कोरिना मचाडो और भारत के कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर एक दिलचस्प परिदृश्य उत्पन्न हो गया गया है। मारिया अपने देश में सरकार के खिलाफ, लोकतंत्र, मतदान में धांधली, भ्रष्टाचार आदि को लेकर संघर्ष कर रही है। कांग्रेस और राहुल गांधी उनकी इस राजनीति की सराहना करते हैं क्योंकि ऐसा ही वे भारत में अपनी राजनीति में कर रहे हैं। कांग्रेसी मारिया और राहुल को एक ही डाल का पंछी मानते हैं। यहाँ तक कि कांग्रेस के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने तो राहुल गांधी के लिए भी नोबेल की मांग कर डाली। वे मारिया को राहुल गांधी की समर्थक मानते हैं। मारिया ने एक बार राहुल गांधी की तारीफ में ट्वीट भी किया था। दूसरी ओर वास्तिवकता यह है कि राहुल गांधी और कांग्रेस की सियासत और मारिया की राजनीति और विचारधारा में गहरा अंतर्विरोध है। यह अंतर्विरोध ही राहुल और कांग्रेस के लिए जटिल उलझन और गले की फांस बन गया गया है। मारिया की राजनीति अपनी जगह उनके लिए मुफ़ीद है लेकिन राहुल गांधी की सियासत अलग है।

मारिया को नोबेल की घोषणा करते हुए नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने उन्हें 'लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने और तानाशाही के खिलाफ अथक प्रयास' के लिए सराहा। हालांकि, माचाडो की धुर दक्षिणपंथी विचारधारा-जिसमें डोनाल्ड ट्रम्प का समर्थन, इजराइल की नीतियों की पक्षधरता और आर्थिक निजीकरण की वकालत शामिल है- ने कांग्रेस और राहुल गांधी के लिए पसोपेश वाली स्थिति पैदा कर दी है।

मारिया कोरिना माचाडो का राजनीतिक उदय वेनेज़ुएला की समाजवादी सरकारों के खिलाफ प्रतिरोध पर आधारित है। 1967 में जन्मी माचाडो, एक पूर्व सांसद और इंजीनियर, 2012 से विपक्षी गठबंधन की प्रमुख रही हैं। उन्होंने ह्यूगो चावेज़ और निकोलास मादुरो की सरकारों पर चुनावी धांधली, भ्रष्टाचार और मानवाधिकार उल्लंघनों के आरोप लगाए। ऐसा ही राहुल गांधी भारत में भाजपा सरकार के ख़िलाफ़ करते हैं। 2024 के राष्ट्रपति चुनावों में, मादुरो सरकार ने मारिया को अयोग्य घोषित कर दिया, जिसके बाद उन्होंने एडमुंडो गोंजालेज़ को समर्थन देकर विपक्ष को एकजुट किया। इन प्रयासों ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय मान्यता दिलाई, जिसमें अमेरिकी प्रतिबंधों और विदेशी सहायता की मांग शामिल थी। मारिया की विचारधारा की अपनी राजनीति है। उन्होंने अपना पुरस्कार ट्रम्प को समर्पित करते हुए उन्हें 'हमारे संघर्ष का निर्णायक समर्थक' बताया। मारिया ने अपने देश मे अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप की भी वकालत की, जिससे वेनेजुएला में आर्थिक संकट बढ़ा। इजराइल के प्रति उनका रुख साफ है। उन्होंने इजराइल को 'स्वतंत्रता का सच्चा सहयोगी' कहा और गाजा संघर्ष में इजराइली कार्रवाइयों का समर्थन किया। इसके अलावा, माचाडो राज्य तेल कंपनी पीडीवीएसए के निजीकरण की भी पक्षधर हैं, जो समाजवादी विचारधारा के विपरीत है।

इस बीच मारिया को नोबेल की घोषणा होते ही भारत में कांग्रेस ने मारिया के पुरस्कार को अपने राजनीतिक नैरेटिव से जोड़ने का प्रयास किया। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा कि 'मारिया ने वेनेजुएला में लोकतंत्र के लिए जो संघर्ष किया, वही राहुल गांधी भारत में कर रहे हैं। पार्टी प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने सोशल मीडिया पर माचाडो की तुलना राहुल गांधी से की, उन्हें 'संविधान बचाने का योद्धा' बताते हुए उनके लिए भी नोबेल पुरस्कार की मांग कर डाली। यह तुलना कांग्रेस की रणनीति का हिस्सा है, जहां राहुल गांधी को चुनावी धांधली, संस्थागत क्षरण और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर मुखर दिखाया जाता है। विश्लेषणात्मक दृष्टि से देखें तो यह नैरेटिव बहुत सतही है और राहुल तथा मारिया के बीच वैचारिक विरोधाभासों को अनदेखा करता है।

कांग्रेस की ऐतिहासिक विचारधारा समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और साम्राज्यवाद-विरोध पर टिकी है। पार्टी ने फिलिस्तीन मुद्दे पर हमेशा समर्थन दिया, जो उसके मुस्लिम मतदाता आधार और वामपंथी सहयोगियों से जुड़ा है। मारिया का इजराइल-समर्थक रुख कांग्रेस की नीतियों से सीधा टकराव पैदा करता है। कांग्रेस ने गाजा हमलों की निंदा की है, जबकि मारिया ने इजराइल को 'स्वतंत्रता का सहयोगी' बताया।

इसी प्रकार, माचाडो का ट्रम्प समर्थन कांग्रेस के लिए असहज है, जिसने भाजपा पर 'ट्रम्प-मोदी गठजोड़' के आरोप लगाए हैं। माचाडो की निजीकरण नीति भी कांग्रेस की समाजवादी नीति के विपरीत है। विश्लेषणात्मक रूप से, ये अंतर्विरोध कांग्रेस की वैचारिकता को चुनौती देते हैं। यदि कांग्रेस मारिया का समर्थन जारी रखती है, तो यह उसके वोट बैंक और सहयोगी दलों में दरार डाल सकती है, विशेष रूप से मुस्लिम और वामपंथी समूहों में, जहां माचाडो को 'इजराइल-समर्थक' माना जाता है।यदि पार्टी माचाडो का समर्थन करती है, तो वह वैचारिक समझौता करेगी, जिससे वोट बैंक दरक सकता है-उदाहरण के लिए, 2024 चुनावों में मुस्लिम वोटों का करीब 70 प्रतिशत कांग्रेस को मिला था। यदि मौन साधती है या आलोचना करती है, तो भाजपा इसे 'लोकतंत्र-विरोधी' बताकर प्रचार करेगी। राहुल गांधी की व्यक्तिगत स्थिति और भी जटिल है; वे न तो पूर्ण समर्थन कर पा रहे हैं और न विरोध। यह गहन दुविधा, जटिल उलझन कांग्रेस की रणनीतिक कमजोरी को उजागर करती है। राजनीतिक विश्लेषण की दृष्टि से उनके मारिया कोरिना माचाडो का नोबेल पुरस्कार लोकतंत्र संघर्ष को मान्यता तो देता है, लेकिन यह वैचारिक जटिलताओं को भी सामने लाता है। कांग्रेस के लिए यह एक अवसर था जो दुविधा में बदल गया और गले की फांस बन गया जिससे निपटना बहुत मुश्किल है।

**(ये लेखक के अपने विचार है)**

---

*खाली थालियाँ, भरे गोदामः कैसी यह दुनिया हमारी ?*

# भूख की आँच में झुलसती मानवताः क्या यही प्रगति है ?



प्रो. आरके जैन
लेखक

जब एक भूखे बच्चे की आँखों में रोटी का सपना धुँधला पड़ता है, तो मानवता की सारी चमक एक पल को थम सी जाती है। न चाँद की उड़ानें, न टेक्नोलॉजी की चकाचौंध, न ही गगनचुंबी इमारतें उस एक निवाले का मोल रखती हैं, जो किसी की भूख मिटा दे। हर साल 16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस यह कसक जगाता है-यह महज एक तारीख नहीं, बल्कि एक आह्वान हैः एक ऐसी दुनिया बनाने का, जहाँ हर थाली में पौष्टिक भोजन हो और हर भविष्य सुरक्षित। 2025 की थीम, 'बेहतर भोजन, बेहतर भविष्य के लिए एकजुटता,' हमें भोजन की उपलब्धता, गुणवत्ता और टिकाऊपन के लिए सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश देती है। यह वह सपना है, जहाँ भूख सिर्फ एक भूली-बिसरी कहानी बन जाए।

1945 में संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की स्थापना ने विश्व खाद्य दिवस की नींव रखी, जिसका लक्ष्य था हर इंसान तक भोजन को गरिमा के साथ पहुँचाना। मगर 80 साल बाद भी यह मिशन अधूरा है। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के मुताबिक, 82.8 करोड़ लोग आज भी भूख की चपेट में हैं-यह आँकड़ा सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि उन माँओं की चुप्पी है, जो अपने बच्चों को भूखा सुलाती हैं; उन किसानों की पीड़ा है, जो दुनिया को खिलाते हुए खुद भूख से जूझते हैं। सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि हर साल 1.3 अरब टन भोजन बर्बाद होता है-इतना कि यह पूरे उप-सहारा अफ्रीका को एक साल तक खिला सकता है। एक ओर खाली थालियाँ बेचैन हैं, तो दूसरी ओर डस्टबिन भोजन से अटे पड़े हैं। यह विडंबना हमसे सवाल करती हैः क्या हमारी प्रगति अधूरी नहीं?

भारत में यह संकट और गहरा है। विश्व का दूसरा सबसे बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश होने के बावजूद, ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2024 में भारत 127 देशों में से 105वें पायदान पर है। यहाँ 19.4 करोड़ लोग भूखे हैं, और 43% बच्चे कुपोषण की मार झेल रहे हैं। 'अन्नदाता' कहलाने वाला किसान कर्ज, बेमौसम बारिश और बाजार की अनिश्चितताओं में फँसकर अपने परिवार को दो जून की रोटी नहीं दे पाता। फिर भी, भारत की मिट्टी में वह शक्ति है, जो न सिर्फ देश, बल्कि पूरी दुनिया को खिला सकती है। 2025 की थीम हमें यही सिखाती है कि सरकार, किसान, वैज्ञानिक और समाज की एकजुटता ही वह पुल है, जो खेतों से थालियों तक भोजन पहुँचाएगा। हाथ में हाथ मिलाकर भूख को इतिहास बना दें।

भोजन का संकट केवल मात्रा का नहीं, बल्कि पहुँच, गुणवत्ता और समानता का है। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट बताती है कि 2020 के बाद से खाद्य कीमतों में 20% की उछाल ने गरीब देशों में भोजन को और दुर्लभ बना दिया। भारत में राशन प्रणाली और सब्सिडी जैसी योजनाएँ हैं, मगर भ्रष्टाचार और अक्षमता के कारण लाखों जरूरतमंद भूखे रह जाते हैं। इससे भी गंभीर है 'छिपी भूख' की मार-लाखों लोग भोजन तो खाते हैं, लेकिन पोषण की कमी के कारण बच्चों में स्टंटिंग और वेस्टिंग जैसे रोग बढ़ रहे हैं। 2025 की थीम बेहतर भोजन यही माँग करती है कि हम केवल पेट भरने नहीं, बल्कि हर व्यक्ति तक पौष्टिक, संतुलित आहार पहुँचाने पर ध्यान दें, जो उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत को संवारे।

2025 की थीम पर्यावरण और भोजन के अटूट रिश्ते को भी उजागर करती है। जलवायु परिवर्तन, मिट्टी की घटती उर्वरता, और जल संसाधनों का दोहन हमारी खाद्य प्रणाली को कमजोर कर रहे हैं। एफएओ के मुताबिक, विश्व का 70% जल कृषि में खर्च होता है, जिसका बड़ा हिस्सा बर्बाद हो जाता है। सतत कृषि, जैविक खेती, ड्रिप इरिगेशन, और वर्षा जल संचय अब जरूरत बन चुके हैं। हमें स्थानीय, मौसमी भोजन को बढ़ावा देना होगा, ताकि आयात कम हो और किसानों को लाभ मिले। साथ ही, भंडारण और परिवहन में होने वाली बर्बादी को रोकने के लिए खाद्य आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना होगा। यह थीम हमें सिखाती है कि बेहतर भविष्य तभी संभव है, जब हम प्रकृति के साथ कदम मिलाएँ।

भारत में भोजन केवल भौतिक जरूरत नहीं, बल्कि संस्कृति और प्रेम का प्रतीक है। 'अन्नपूर्णा' का रूप लिए भोजन गाँवों में मेहमानों को खिलाने का गर्व और एकता का संदेश देता है। मगर आधुनिक उपभोक्तावाद ने हमें फास्ट फूड और पैकेज्ड भोजन की चमक में उलझा दिया, जबकि हम अपनी जड़ों बाजरा, ज्वार, रागी जैसे पौष्टिक और टिकाऊ अनाजों को भूलते जा रहे हैं। 'बेहतर भोजन' हमें अपनी परंपराओं की ओर लौटने और स्थानीय, पर्यावरण-अनुकूल भोजन को अपनाने का आह्वान करता है, जो न केवल सेहत दे, बल्कि धरती को भी बचाए।

भारत सरकार की योजनाएँ-राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013, मिड-डे मील, पोषण अभियान, और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना-भूख और कुपोषण से लड़ने की दिशा में अहम कदम हैं। मगर इनकी सफलता समाज की भागीदारी पर टिकी है। भारत में हर साल 67 मिलियन टन भोजन (अनुमानित कीमत लगभग 92,000 करोड़) बर्बाद होता है-यह एक त्रासदी है। जरूरत के हिसाब से खाना खरीदना, बचे हुए भोजन को दान करना, और सामुदायिक रसोईघरों में योगदान देना जैसे छोटे कदम बड़े बदलाव ला सकते हैं। 'हाथ में हाथ' मिलाकर भूख को हराएँ और हर थाली को समृद्ध करें।

तकनीक भूख के खिलाफ एक शक्तिशाली हथियार बन सकती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ड्रोन, और सैटेलाइट्स के जरिए फसलों की निगरानी, सटीक मौसम भविष्यवाणी, और स्मार्ट आपूर्ति श्रृंखलाएँ भोजन की बर्बादी को कम कर रही हैं। मगर यह ताकत तभी सार्थक है, जब यह भारत के 86% छोटे और सीमांत किसानों तक पहुँचे, जिनके पास आधुनिक संसाधनों की कमी है। यदि हम इन किसानों को तकनीक, प्रशिक्षण, और बाजार से जोड़ सकें, तो खाद्य सुरक्षा का सपना हकीकत में बदल सकता है। यह एकजुटता ही खेतों से थालियों तक भोजन का सफर सुनिश्चित करेगी।

विश्व खाद्य दिवस हमें सिखाता है कि भूख केवल पेट की नहीं, आत्मा की भी होती है। किसी भूखे को भोजन देना सिर्फ उसका पेट भरना नहीं, बल्कि उसकी गरिमा और उम्मीद को पोषित करना है। 'हाथ में हाथ' का मतलब है कि यह जिम्मेदारी हम सबकी है। हर थाली में अन्न का होना महज एक लक्ष्य नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक जवाबदेही है। इस विश्व खाद्य दिवस पर संकल्प लें कि हम भोजन की बर्बादी रोकेंगे, जरूरतमंदों के साथ अन्न बाँटेंगे, और एक ऐसी दुनिया बनाएँगे जहाँ भूख सिर्फ एक भूली-बिसरी कहानी हो। क्योंकि जब हर चेहरे पर भोजन की मुस्कान खिलेगी, तभी हमारी धरती सही मायनों में समृद्ध और शांतिपूर्ण होगी।

**(ये लेखक के अपने विचार है)**

---

# रंगोली, दीए और मिठास-पर्यावरण संग मनाएं दिवाली खास !



सुनील कुमार महला
स्वतंत्र पत्रकार

सोमवार 20 अक्टूबर 2025 कार्तिक अमावस्या को दीपावली है। यह हमारे देश का सबसे बड़ा त्योहार है।खुशी, उमंग, उल्लास, आपसी मेलजोल का त्योहार है। पाठक जानते हैं कि यह त्योहार अंधकार पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई तथा अज्ञान पर ज्ञान की जीत का संदेश देता है। वास्तव में दीपावली का पर्व हमारे जीवन में सुख, समृद्धि और आंतरिक शांति लाने के लिए अपने भीतर के द्वेष, ईर्ष्या और नकारात्मकता को दूर करने का भी प्रतीक है। सरल शब्दों में कहें तो दीपावली का पर्व हमारी आंतरिक चेतना को भी रौशन करने की प्रेरणा देता है। 'दीपावली' शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है- 'दीप' अर्थात दीया (प्रकाश) और 'आवली' अर्थात पंक्ति (श्रृंखला)। इस प्रकार दीपावली का शाब्दिक अर्थ है- 'दीपों की पंक्ति।' दीपावली का असली अर्थ प्रकाश और खुशियों का त्योहार है, न कि धन और संसाधनों की बर्बादी का अवसर। हमारे देश में हर वर्ष अरबों रुपए पटाखों पर खर्च किए जाते हैं, जिससे न केवल धन का अपव्यय होता है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी हानि पहुंचती है। पाठक जानते होंगे कि तमिलनाडु में शिवकाशी, जिसे लिटिल जापान के नाम से भी जाना जाता है, पटाखों/आतिशबाजी का हब कहलाता है। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार देश के 90% पटाखे तमिलनाडु के शिवकाशी में बनते हैं। एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक में प्रकाशित एक खबर के अनुसार यहां करीब 1108 फैक्ट्रियां हैं, जो 8 लाख रोजगार देती हैं, तथा इनमें 60% महिलाएं हैं। यह ठीक है कि पटाखों के कारण देश में बहुत से लोगों को रोजगार के अवसर मिलते हैं, लेकिन यह भी एक कटु सत्य है कि हर वर्ष पटाखों के कारण आगजनी से जान-माल को भी बहुत नुक्सान पहुंचता है, पशु-पक्षी, मानव से लेकर हमारा पूरा पर्यावरण पटाखों से निकलने वाले धुएं, तेज़ आवाज़ से प्रभावित होता है। गौरतलब है कि इस बार तमिलनाडु के शिवकाशी और आसपास के इलाकों के पटाखा निर्माताओं ने लगभग 7,000 करोड़ रु. की बिक्री दर्ज की है, जो पिछले साल से करीब 17% ज्यादा है। बहरहाल, पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों के उपयोग को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि जिन पटाखों में बैरियम या अन्य हानिकारक रसायन होते हैं, उनका निर्माण, बिक्री और उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। गौरतलब है कि बैरियर या अन्य हानिकारक रसायनों से वायु गुणवत्ता और स्वास्थ्य पर असर पड़ता है और भारत में बने पटाखों में यह बहुत इस्तेमाल होता है। इतना ही नहीं कोर्ट द्वारा केवल ग्रीन पटाखों के निर्माण की अनुमति दी गई है। वास्तव में ग्रीन पटाखे पारंपरिक पटाखों की तुलना में पर्यावरण के लिए कहीं अधिक सुरक्षित और लाभदायक हैं। इन पटाखों में बैरियम, नाइट्रेट और हानिकारक धातुएं नहीं होतीं, जिससे वायु प्रदूषण लगभग 30 से 40 प्रतिशत तक कम होता है।इनसे निकलने वाला धुआं और गैसें सीमित होती हैं, जिससे हवा में हानिकारक कणों की मात्रा घटती है। इनका ध्वनि स्तर भी कम होता है, जिससे बुजुर्गों, बच्चों और पशु-पक्षियों को परेशानी नहीं होती। ऐसे पटाखों से आँखों और साँस की बीमारियों का खतरा भी घट जाता है। इसके अलावा, ग्रीन पटाखे स्थानीय स्तर पर बनाए जाते हैं, जिससे देशी उद्योग और रोजगार को भी प्रोत्साहन मिलता है। इनकी पैकेजिंग पर क्यूआर कोड होता है, जिससे उपभोक्ता असली ग्रीन पटाखे की पहचान कर सकते हैं। कुल मिलाकर, ग्रीन पटाखे दीपावली की खुशियों को बनाए रखते हुए पर्यावरण की रक्षा करने का संतुलित उपाय हैं। सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों के अनुसार पटाखों की बिक्री केवल लाइसेंस प्राप्त दुकानों से ही हो सकती है और ऑनलाइन बिक्री पर पूर्ण रोक है। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि दीपावली जैसे अवसरों पर पटाखे केवल निर्धारित समय, आमतौर पर रात 8 से 10 बजे तक ही फोड़े जाएँ। सड़कों, अस्पतालों और सार्वजनिक स्थलों पर पटाखे फोड़ना निषिद्ध है। बच्चों को बिना निगरानी के पटाखे चलाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। कोर्ट ने सरकारों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि केवल मानक परीक्षण वाले ग्रीन पटाखे ही बाजार में उपलब्ध हों। साथ ही, किसी भी व्यक्ति या कंपनी का लाइसेंस बिना कोर्ट आदेश के रद्द नहीं किया जाएगा। न्यायालय ने यह भी कहा कि प्रदूषण नियंत्रण केवल दिल्ली तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि यह देशव्यापी नीति होनी चाहिए। माननीय कोर्ट ने नागरिकों से दीवाली को प्रदूषण मुक्त और सुरक्षित तरीके से मनाने की अपील की है, ताकि पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों की रक्षा हो सके। हाल फिलहाल कहना चाहूंगा कि यह दीपावली न केवल रोशनी और उत्सव का प्रतीक बने, बल्कि देशभक्ति, नवाचार और आत्मनिर्भर भारत की भावना का भी सुंदर उदाहरण साबित होना चाहिए। अंत में यही कहूंगा कि पटाखों से उत्पन्न धुआं और विषैली गैसें वातावरण को प्रदूषित करती हैं, जिससे वायु की गुणवत्ता घटती है और लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है। कई बार आगजनी और दुर्घटनाओं से जान-माल का भी भारी नुकसान होता है। सच्ची दीपावली वह है जिसमें दूसरों के जीवन में भी प्रकाश फैले। यदि हम पटाखों की जगह गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन, वस्त्र और मिठाइयां बांटें, तो यही सच्ची खुशी होगी। इससे हमारे समाज में प्रेम, सहयोग और मानवता का दीप जलेगा। दीपावली का सच्चा आनंद तभी है जब हर चेहरे पर मुस्कान हो और हर घर में उम्मीद का उजाला फैले।

**(ये लेखक के अपने विचार है)**

---

## धनत्रयोदशी


तीज तेरस अनूठे शुभ मुहूर्त ये, नव निधि और सौभाग्य लाएं,
आरोग्यता और सुख समृद्धि, जीवन में 'आनंद' को बढाएं।
धनत्रयोदशी तिथि को सभी, धनवंतरि का आशीर्वाद पाएं,
स्वस्थ तन-मन संग अक्षय धन, का ये संयोग खुशियॉ बरसाएं।
कर आराधना यक्षराज कुबेर की, अपने भाग्य को स्वयं चमकाएं,
धन-धान्य का हो शुभ आगमन, श्रद्धा प्रेम भाव से कीर्तन गाएं।
गृह क्लेश मनमुटाव से दूर रहें, परिवार संग सदा हॅसे मुस्काएं,
बहुत चंचल है माता महालक्ष्मी, प्रेम सौहार्द शांति आप बनाएं।
सुखों का करें हम आदान-प्रदान, फूल खुशियों के मिलकर खिलाएं,
ऊॅच-नीच की बेतूकी लकीरों को, चलो चुपचाप आज हम मिटाएं।
प्रसन्नता का संगीत हो बिखरा, त्योहारों की जगमग रौनक बढाएं,
सेतू बनकर गरीब परिवारों तक, नयी खुशियॉ धीरे से पहुंचाएं।
कुछ खुशियों को सहर्ष बांटे, भीतर आत्मिक चमक जगाएं,
धन के प्रवाह को प्रेम रंग में रंग, करोड़ों दिलों में जगह बनाएं।
व्यवसाय की हो चौगुनी प्रगति, थोड़ा अवश्य दान धर्म अपनाएं,
संस्कारों का रखें सदा मान भी, और खुशी-खुशी नाचें गाएं।
निज संस्कृति पर करें गर्व, व्यहवार को हमेशा मृदु बनाएं,
स्वार्थ की सवारी को त्याग, सूरज सा उजाला सर्वत्र फैलाएं।
महत्ता उत्सवों की है अलग, जाने समझे व अपनी रूचि बढ़ाएं,
भक्ति और भाव का हो संगम, अनगिनत दुआएं जीवन में कमाएं।



मोनिका डागा
कवियत्री (चैन्नई, तमिलनाडु)

---

# पुस्तकें हमारी सच्ची मित्र, मार्गदर्शक, बुद्धिमान सलाहकार और धैर्यवान शिक्षक होती हैं



संजीव ठाकुर
लेखक व चिंतक

पुस्तक मानवता की आत्मा और सभ्यता की संवाहक हैं। महात्मा गांधी ने कहा है कि 'पुराने वस्त्र पहनो पर नई पुस्तकें खरीदो,' क्योंकि रत्न भले ही देह को अलंकृत करें, पर पुस्तकें अंतःकरण को आलोकित करती हैं। वास्तव में पुस्तकें मनुष्य के भीतर छिपे सत्य और अनुभवों के द्वार खोलती हैं। जो व्यक्ति पुस्तकों से दूर रहता है, वह जीवन की अनेक सच्चाइयों से अनभिज्ञ रह जाता है। पुस्तकें न केवल ज्ञान का स्रोत हैं, बल्कि कठिन परिस्थितियों में आत्मबल और समाधान की दिशा भी देती हैं। वे हमें सिखाती हैं कि चाहे विपत्ति कितनी ही बड़ी क्यों न हो, धैर्य और विवेक से उसका समाधान संभव है। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का कहना है कि 'एक पुस्तक अनेक मित्रों के बराबर होती है,' जबकि शिक्षाविद् चार्ल्स विलियम इलियट के अनुसार, 'पुस्तकें मित्रों में सबसे शांत, सलाहकारों में सबसे बुद्धिमान और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान होती हैं।' वास्तव में, पुस्तकें जीवन की सच्ची गुरु हैं जो हमें सोचने, समझने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। वे न केवल मानसिक, बल्कि सामाजिक, आर्थिक, नैतिक, सांस्कृतिक और चारित्रिक विकास की संवाहक हैं। प्राचीन भारत में 'पंचतंत्र' और 'हितोपदेश' जैसे ग्रंथों के माध्यम से बच्चों को नैतिक शिक्षा, नीति, सदाचार और जीवन कौशल सिखाने की परंपरा रही है। इन पुस्तकों ने भारतीय संस्कृति, सभ्यता और मूल्यबोध के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विश्व की प्रत्येक सभ्यता में लेखन और पठन की परंपरा ही संस्कृति की धुरी रही है, क्योंकि पुस्तकों ने धर्म, दर्शन, राजनीति और समाज को दिशा दी है। अच्छी पुस्तकें मनुष्य के भीतर चेतना, विवेक और सद्गुणों का संचार करती हैं तथा उसे जीवन के उद्देश्य से परिचित कराती हैं। ऐतिहासिक पुस्तकों से हमें अतीत की घटनाओं, सभ्यता और संस्कृतियों का ज्ञान मिलता है, जिससे व्यक्तित्व का समुचित विकास होता है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा था कि 'पुस्तकें वह साधन हैं जिनके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृतियों और समाजों के बीच सेतु का निर्माण कर सकते हैं।' यही कारण है कि अनेक लोग आज भी अपने पास गुरुवाणी, हनुमान चालीसा, गीता या रामचरितमानस जैसी पुस्तकें रखते हैं, जो जीवन के हर मोड़ पर उनका मार्गदर्शन करती हैं। वर्तमान में जब डिजिटल युग ने संसार को स्क्रीन पर समेट दिया है, तब भी पुस्तक का महत्त्व समाप्त नहीं हुआ है। अब डिजिटल पुस्तकें और ऑनलाइन लाइब्रेरीज़ ने अध्ययन को आसान और सर्वसुलभ बना दिया है। पहले के बच्चे 'चंदामामा', 'नंदन', 'बालभारती' जैसी पत्रिकाओं से ज्ञान और मनोरंजन प्राप्त करते थे, आज वही ज्ञान डिजिटल स्वरूप में उपलब्ध है। भारत सरकार और राज्य सरकारें 'ई-शिक्षा' तथा 'डिजिटल लाइब्रेरी' के माध्यम से विद्यार्थियों तक पठन सामग्री पहुंचा रही हैं। यह एक नई शिक्षा क्रांति का प्रतीक है, परंतु इसके साथ सावधानी भी आवश्यक है, क्योंकि इंटरनेट पर उपलब्ध भ्रामक या अप्रामाणिक सामग्री बच्चों के मन पर विपरीत प्रभाव डाल सकती है। इसलिए माता-पिता और शिक्षक की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है कि वे बच्चों को सही पुस्तकों के चयन की दिशा में प्रेरित करें। डिजिटल पुस्तकें भले ही सुविधाजनक हों, परंतु कागज़ की पुस्तक हाथ में लेकर पढ़ने का आनंद, उसकी खुशबू, उसके पन्नों का आत्मीय स्पर्श आज भी अनुपम है। पुस्तकें केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि मनुष्य और समाज के बीच संवाद की सबसे पवित्र कड़ी हैं। वे हमें एकता, सद्भावना और राष्ट्रनिर्माण की प्रेरणा देती हैं। पुस्तकें युवाओं को दिशा देती हैं, समाज को विचार देती हैं और राष्ट्र को चरित्र देती हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि पुस्तकें ही वह अमूल्य निधि हैं जिनसे मानवता का भविष्य सुरक्षित और उज्जवल बनता है।

**(ये लेखक के अपने विचार है)**

# संगठन सृजन पर मंथन जिला अध्यक्ष पद पर की रायशुमारी







खबरों की दुनिया

**रावतभाटा ।** कांग्रेस के संगठन सर्जन अभियान के अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेग रावतभाटा द्वारा बुधवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया । बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सचिव चित्तौड़गढ़ जिला संगठन प्रभारी सुभाषिनी यादव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी ऑब्जर्वर सह प्रभारी पुष्पेंद्र भारद्वाज, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव सह प्रभारी छोटू राम मीणा मौजूद रहे । बैठक में संगठन को मजबूत करने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई । कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने चित्तौड़गढ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के चयन से संबंधित अपने सुझाव दिए । बैठक में स्थानीय स्तर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भागीदारी सक्रियता पर जोर दिया गया । बैठक में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान की जानकारी दी गई । बैठक में मौजूद अतिथियों का जिला अध्यक्ष भैरूलाल चौधरी कार्यकारी अध्यक्ष पारस जैन पूर्व ब्लाक अध्यक्ष मांगीलाल गुर्जर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष बेगू वर्दी चंद्र कोठारी ने स्वागत किया । बैठक में बेगू नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रिंस बाबेल पार्षद नरेंद्र पुरोहित जिला अध्यक्ष गिरधारी लाल जाट सरपंच संघ अध्यक्ष भागचंद धाकड़ सरपंच रतन गुर्जर नर्मदा शंकर मीणा रामेश्वर धाकड़ राधेश्याम धाकड़ भेरूलाल कुमावत मांगीलाल धाकड़ प्रकाश धाकड़ अशोक धाकड़ अशोक पाटनी दिनेश मेवाड़ा शाहरुख मंसूरी राजीव बोहरा धीरज नाहर सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## साइबर सुरक्षा पर जानकारी देकर किया जागरूक




खबरों की दुनिया

**रावतभाटा ।** शहर के परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 में राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह का बुधवार से आयोजन किया गया । साइबर सुरक्षा पर विद्यालय के शिक्षकों के लिए वार्ता का आयोजन हुआ । जिसमें प्राचार्य लोकेश जोशी ने साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पासवर्ड सुरक्षा वाई-फाई सुरक्षा मोबाइल पासवर्ड सुरक्षित सोशल मीडिया व्यवहार आदि प्रकरणों पर विशेष चर्चा की । सभी शिक्षकों ने अपने विचार साझा किए ,साइबर सुरक्षा के प्रति अभिभावकों को जागरूक करने के लिए विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय के मुख्य द्वार पर खड़े होकर साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया । साइबर सुरक्षा पर जागरूकता पत्र वितरित किए, साइबर सुरक्षा के लिए शिक्षकों अभिभावकों के लिए ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी का आयोजन हुआ । शिक्षक आर के अहीर शेफाली शर्मा सादिया खटक ने प्रश्नोत्तरी में योगदान दिया ।

## नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश

### चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा ।** शहर के परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 में बुधवार को स्वच्छता ही सेवा माह के अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । छात्रा डोली यादव ने स्वच्छता पर कविता प्रस्तुत की, उपासना बारेशा तन्वी मीणा दिव्यांशी सोनी रोहिणी मीणा देवांश गुरव मोहित गहलोत भावेश धाकड़ इशिता बुनकर उन्नति राव अनन्या विक्रांत आराध्य सिंह ने स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया । नाटक का आयोजन ए एच खान प्रेम सुथार अनिल बंजारा द्वारा किया गया । विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई प्रतियोगिता का विषय से एनर्जी सेव अर्थ रखा गया । प्रतियोगिता में 64 विद्यार्थियों ने भाग लेकर सुंदर चित्र बनाएं । कार्यक्रम का संचालन संगीता प्रकाश राजू कुमारी रश्मि प्रिया ने किया ।

## दीपावली पर्व मनाया डॉ कलाम को याद कर दी श्रद्धांजलि



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा ।** शहर के आदर्श विद्या मंदिर प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को दीपावली पर्व हर्षोल्लाह से मनाया गया । उत्सव जयंती प्रमुख विशाखा टेलर ने बताया कि शिशु वाटिका में समता गुप्ता ने विद्यार्थियों को दीपावली पर्व की जानकारी दी ,उन्होंने बताया कि कार्तिक माह की अमावस्या को दीपावली पर्व मनाया जाता है । 14 वर्ष के वनवास के बाद प्रभु श्री राम अयोध्या लोट तभी से दीपावली का पर्व मनाया जाता है । दीपावली पर्व मनाने से पूर्व विद्यालय में ज्योति जैन नीतू सक्सेना कल्याणी पंच भाई द्वारा सजावट की गई । आचार्य प्रियंका पंचोली खनक राठौर द्वारा प्रसाद वितरित किया गया । प्रधानाचार्य सुशीला मोहनपुरिया द्वारा विद्यार्थियों को पटाखे सावधानी से चलने की जानकारी दी । सलोनी गुप्ता द्वारा डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती की जानकारी दी । इस दौरान मौजूद शिक्षकों विद्यार्थियों ने उन्हें श्रद्धांजलि देकर नमन किया ।

## ऑब्जर्वर यादव का रावतभाटा पहुंचने पर किया स्वागत



**रावतभाटा (खबरों की दुनिया)।** संगठन सृजन अभियान के तहत बुधवार को ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ऑब्जर्वर सुभाषिनी यादव के रावतभाटा पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अदालत चौराहे पर स्वागत किया । पूर्व पार्षद बृजेश ओझा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर कर सम्मान किया । इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बेगू विधानसभा की भौगोलिक स्थिति राजनीतिक स्थिति की जानकारी देते हुए पिछले कार्यकाल में हुए प्रमुख घटनाक्रमों के बारे में बताया । कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए उन्होंने संगठन क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक राजनीतिक गतिविधियों की जानकारी ली एवं नए जिला अध्यक्ष के चयन के लिए अपनी अपनी राय देने का आह्वान किया । यादव ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने की अपील की । इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ऑब्जर्वर पुष्पेंद्र भारद्वाज छोटू राम मीणा जिला अध्यक्ष भैरू लाल चौधरी मौजूद रहे । स्वागत करने वालों में इंटक अध्यक्ष मनोज डागुर वरिष्ठ नेता शशिकांत दशोरा पार्षद मोहम्मद हुसैन बंगाली कोषाध्यक्ष फिरोज खान पार्षद हरीश प्रजापति दिनेश छाबड़ा एडवोकेट अजीज हुसैन जाकिर हुसैन इंद्रजीत सिंह सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## निःशुल्क 157 वा ताली संकीर्तन आयोजित हुआ

### मांगा है मैंने श्याम से वरदान एक ही तेरी कृपा बनी रहे जब तक है

**नवलगढ़ ।** कस्बे मे ताली कीर्तन मंडल द्वारा कल कस्बे के विनायक विहार कॉलोनी में स्थित कृष्णा भवन में 157 वा ताली संकीर्तन लड्डु गोपाल केशव माधव के जन्मोत्सव के उपलक्ष में हुआ बाबा का भव्य दरबार सजाया गया मनोज सोनी (लाला) मीना सोनी ने बाबा का पूजन किया ज्योत प्रज्वलित कर कीर्तन की शुरुआत की मंडल के सचिव विशाल पंडित दिनेश शर्मा गणेश शर्मा गगन भार्गव सोनू शर्मा भगवती देवी चेतना सोनी द्वारा मेरे लाडले गणेश प्यारे प्यारे, कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है, आसरो बालाजी म्हाने थारो थे कष्ट निवारू पधारो म्हारे आंगने पधारो, भक्ता से क्या की मरोड़ बाबा देदे तु 56 करोड़ बाबा, म्हारा बालाजी सालासर वाला खाटू वाले बाबू श्याम की जोड़ी रा जवाब नहीं, छोटी छोटी गईया छोटे छोटे ग्वाल छोटो सो मेरो मदन गोपाल, श्याम बाबा को श्रृंगार मन भावे खाटू वाले को दरबार मन भावे, मांगा है मैंने श्याम से वरदान एक ही तेरी कृपा बनी रहे।

## पर्यावरण के सच्चे साधक वृक्ष मित्र का जैसलमेर में किया सम्मान

खबरों की दुनिया



**नवलगढ़ ।** ऑक्सीजन जन आंदोलन – 'एक व्यक्ति, एक पेड़ अभियान' के अंतर्गत आज एक प्रेरणादायक क्षण देखने को मिला, जब सांखू, सीकर निवासी अभियान संयोजक वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ ने रामदेवरा निवासी पर्यावरण प्रहरी वृक्ष मित्र दिनेश कुमार चौहान के निवास पर पहुँचकर उनका ससम्मान अभिनंदन किया। हरीत धरती का है सपना, वृक्ष मित्र ने साध लिया, सेवा, समर्पण, हरियाली को जीवन का अर्थ दिया। दिनेश कुमार चौहान, जो दिव्यांग हैं, पर्यावरण के प्रति अपनी अटूट निष्ठा और अद्भुत समर्पण भावना से पूरे प्रदेश में प्रेरणा के प्रतीक बन चुके हैं। उनका जीवन इस बात का सशक्त उदाहरण है कि शारीरिक सीमाएँ कभी भी आत्मबल की उड़ान को रोक नहीं सकतीं। वे प्रतिमाह राज्य सरकार से प्राप्त अपनी दिव्यांग पेंशन राशि रू1150 को अपने निजी उपयोग में न लाकर पर्यावरण संरक्षण, पशु-पक्षियों के दाने-पानी और वृक्षों की सेवा में खर्च करते हैं। यह संवेदनशीलता और त्याग उनकी सच्ची देशभक्ति और मानवीयता का परिचायक है। जिस तन में हरित भावना, उस मन में ईश्वर बसता, पेड़ लगाना धर्म बना, जो जग को जीवन देता। वृक्ष मित्र दिनेश चौहान ने अपने जीवन को हरियाली के संकल्प को समर्पित किया है। वे निरंतर पेड़-पौधों का रोपण करते हैं, सूखे पेड़ों को पुनर्जीवित करने के लिए प्रयासरत रहते हैं, और आमजन में हरित चेतना जगाने के लिए जन-जागरण अभियान चलाते हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित अनेक प्रेरक कार्यक्रमों का संचालन किया है। इस अवसर पर वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ को डॉ. बी.एल. सैनी, प्राचार्य आदर्श महिला बी.एड. कॉलेज, श्रीमाधोपुर (सीकर) द्वारा लिखित पुस्तक भेंट की गई। इस पुस्तक में पर्यावरण संरक्षण, मानवीय संवेदनाओं और जीवन मूल्यों से जुड़े प्रेरक विचार संकलित हैं, जिन्हें देखकर सभी उपस्थितजन भाव-विभोर हो उठे। लेखनी जब हरियाली बोले, विचार बने संजीवनी रस, डॉ. सैनी के शब्दों में बहता, प्रकृति प्रेम का मधुर हृदय स्पर्श। वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ ने कहा – दिनेश चौहान जैसे लोग धरती के सच्चे संत हैं। दिव्यांगता के बावजूद वे जिस दृढ़ निश्चय से पर्यावरण की सेवा कर रहे हैं, वह पूरे समाज के लिए प्रेरणा है। उन्होंने यह सिद्ध किया है कि सेवा की भावना शरीर से नहीं, आत्मा से उत्पन्न होती है। दोनों वृक्ष मित्रों ने इस अवसर पर रामदेव बाबा मंदिर में धोक लगाई और देश की खुशहाली, हरियाली और पर्यावरण संतुलन की मंगल कामना की। दिनेश चौहान ने अपने वक्तव्य में कहा – पेड़ हमारे सच्चे मित्र हैं। यदि हर व्यक्ति वर्ष में एक पेड़ लगाए और उसकी सेवा करे, तो हमारी आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ धरती मिलेगी। मैं अपनी हर साँस को पेड़ों और जीव-जंतुओं के कल्याण के लिए समर्पित करता हूँ।

## तहसीलदार गरासिया ने पालिका प्रशासक का पदभार ग्रहण किया



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा ।** शहर के तहसीलदार विवेक गरासिया ने बुधवार देर शाम नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर प्रशासक पद पर पदभार ग्रहण किया । पिछले कई दिनों से असमंजस की स्थिति बुधवार को साफ हुई । इससे पूर्व प्रशासक के पद पर उपखंड अधिकारी को लगा रखा था । अब तहसीलदार विवेक गरासिया अग्रिम आदेश तक नगर पालिका के प्रशासक पद पर कार्य करेंगे । गरासिया के कार्यालय पहुंचने पर अधिशासी अधिकारी मुकेश नागर ने पदभार ग्रहण करवा कर पुष्पगुच्छा भेंट कर स्वागत किया । इस दौरान नगर पालिका कर्मचारी मौजूद रहे ।

## पूर्व राष्ट्रपति डॉ कलाम को दी श्रद्धांजलि



**रावतभाटा ।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय महूपूरा मैं बुधवार को देश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई । इस दौरान आचार्य दिनेश कुमार माली ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति महान वैज्ञानिक और लाखों युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे । उनके सम्मान में 15 अक्टूबर को विश्व छात्र दिवस भी मनाया जाता है । कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दीपावली पर्व के महत्व की जानकारी दी गई । प्रधानाचार्य मुकेश कुमार वैष्णव द्वारा मां लक्ष्मी की महा आरती की गई । कार्यालय प्रमुख नरेंद्र नाथ जंगम द्वारा गणेश जी की आरती कर कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया ।

## दीपावली पर्व मनाया डॉ कलाम को याद कर दी श्रद्धांजलि



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा ।** शहर के आदर्श विद्या मंदिर प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को दीपावली पर्व हर्षोल्लाह से मनाया गया ।
उत्सव जयंती प्रमुख विशाखा टेलर ने बताया कि शिशु वाटिका में समता गुप्ता ने विद्यार्थियों को दीपावली पर्व की जानकारी दी ,उन्होंने बताया कि कार्तिक माह की अमावस्या को दीपावली पर्व मनाया जाता है । 14 वर्ष के वनवास के बाद प्रभु श्री राम अयोध्या लोट तभी से दीपावली का पर्व मनाया जाता है । दीपावली पर्व मनाने से पूर्व विद्यालय में ज्योति जैन नीतू सक्सेना कल्याणी पंच भाई द्वारा सजावट की गई । आचार्य प्रियंका पंचोली खनक राठौर द्वारा प्रसाद वितरित किया गया । प्रधानाचार्य सुशीला मोहनपुरिया द्वारा विद्यार्थियों को पटाखे सावधानी से चलने की जानकारी दी । सलोनी गुप्ता द्वारा डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती की जानकारी दी । इस दौरान मौजूद शिक्षकों विद्यार्थियों ने उन्हें श्रद्धांजलि देकर नमन किया ।

## श्री राम दरबार की सजाई झांकी



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा ।** शहर के आदर्श विद्या मंदिर प्राथमिक विद्यालय झालर बावड़ी में बुधवार को दीपावली उत्सव मनाया गया । प्रधानाचार्य सीमा व्यास ने बताया कि कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने प्रभु श्री राम दरबार की झांकी सजाई । विद्यार्थियों ने दीप जलाकर दीपावली मनाई, इस दौरान विद्यार्थी ने आतिशबाजी की । विद्यार्थियों को नीलम राघव ने पर्व की जानकारी दी । कार्यक्रम में राम आएंगे तो अंगना सजाएंगे पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी गई । कार्यक्रम में बिनु पंचोली मन भरता मीना कुमोद कंवर मीनाक्षी परमार रिचा शर्मा ने भजनों की प्रस्तुतियां दी ।

### क्रेशर संचालको ने नही कराए गए है अपनी क्रेशर का कन्वर्जन, बिना कन्वर्जन के चल रही क्रेशर से राज्य सरकार के राजस्व का हो रहा है भारी नुकसान

# भुसावर इलाके में प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी के कारण नियमों को ताक पर रखकर चल रहे है अवैध रूप से क्रेशर संचालन

खबरों की दुनिया



**भुसावर ।** उपखंड इलाके में प्रशासन व खनिज विभाग की निष्क्रियता के चलते हुए अवैध खनन जमकर हो रहा है।जिसमें स्थानीय क्रेशर संचालक और प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। वही प्रशासनिक अधिकारियों की सह पर भुसावर के नया गांव खालसा व बल्लभगढ़ में पर्वत मालाओं में निरंतर खनन का कार्य किया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों की मिली भगत की वजह से पर्वत मालाओं में अवैध रूप से खनन को जमकर बढ़ावा दे रहे हैं ।जिससे राज्य सरकार को करोड़ों रुपए की राजस्व की हानि हो रही है । जबकि इन क्रेशरो पर राज्य और केंद्र सरकार की ओर से बनाए नियमों का मापदंडों की पालना क्रेशर संचालकों की ओर से नहीं की जा रही है।प्रशासनिक अधिकारियों की अन देखी के कारण भुसावर उपखंड में करीब 23 क्रेशर का संचालन बिना कन्वर्जन के करीब पिछले बीस वर्ष से हो रहा है।क्रेशर मालिकों ने कई साल गुजर जाने के बाद भी अभी तक क्रेशर जिस जगह में क्रेशर चल रही है उस जगह का राजस्व अभिलेख विभाग में आज तक कन्वर्जन नहीं कराया है। कुछ क्रेशर संचालकों ने रेवेन्यू विभाग से बचने के लिए आधे अधूरे भू भाग का कन्वर्जन करा रखा है।वहीं स्थानीय प्रशासन को बिना कन्वर्जन के चल रहे क्रेशर संचालकों के खिलाफ कार्यवाही करने से बच रहे हैं ।यहां तक प्रशासन की ओर से अवैध रूप से क्रेशर का संचालन करने वालो को नोटिस तक जारी नहीं किए गए हैं । कारवान, घाटरी, मंशापूरा, नया गांव खालसा, बल्लभगढ़ निवासी लोगों ने बताया कि मायदपुर बल्लभगढ़ गांव की पहाड़ी में अवैध खनन करके पत्थर निकाला जा रहा है ।इलाके में अवैध रूप से हो रहे खनन कार्य पर प्रशासन बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहा है।पहाड़ों में अवैध रूप से एलएनटी लगाकर अवैध खनन किया जा रहा है और पत्थरों को निकाल के बाहर भेजा जा रहा है । जिस जगह से पत्थर को अवैध तरीके से निकाला जा रहा है कोई लीज भी नहीं है।कुछ लोगो द्वारा एलएनटी व बड़ी मशीन लगाकर पत्थर को अवैध तरीके से विस्फोट करके निकाला जा रहा है। साथ ही विस्फोट से टूटे पत्थर से किसानों की फसल को भी नुकसान हो रहा है। लोगो ने बताया कि अवैध बिसफोट से कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है पर प्रशासन को मालूम होने के बाद भी कोई अवैध खनन कर्ताओं के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।घाटरी क्रेशर जोन में कुछ ऐसी क्रेशर है जो अवैध खनन माफिया से पत्थर खरीद कर अपनी क्रेशर चला रहे है।और खनन माफियाओं को विस्फोटक भी उपलब्ध करा रहे है।यहां क्रेशर से उड़ रही डस्ट से आसपास के खेतों की भूमि में खेती प्रभावित हो रही है ।साथ ही किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है ।ग्रामीणों का आरोप है कि आसपास की उपजाऊ भूमि अनुउपजाऊ होती जा रही है । पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। डस्ट के ऊपर पानी का छिड़काव तक क्रेशर संचालकों की ओर से नहीं करवाया जा रहा है।इस पर राज्य प्रदूषण नियंत्रण विभाग की ओर से लापरवाही बरती जा रही है।

खबरों की दुनिया
एक नज़र

## रामअवतार अजमेरा बने तेजाजी महाराज मंदिर समिति के अध्यक्ष



खबरों की दुनिया

**निवाई।** शिवाजी कॉलोनी स्थित तेजाजी मंदिर परिसर में माली समाज तहसील अध्यक्ष रामअवतार खुवाडिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति तेजाजी महाराज मंदिर समिति के अध्यक्ष पद पर रामअवतार अजमेरा को मनोनीत किया गया। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष के पद पर कैलाश सांखला एवं सचिव के पद पर रवि नगरा को मनोनीत किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रहलाद गंगाडा, पूरण हलसोरा, मनोज अजमेरा, प्रेमप्रभु गंगाडा, कालू गंगाडा, घनश्याम सैनी, शंकर सांखला, हनुमान अजमेरा, कालू तंवर, श्योजी हलसोरा, हेमराज निवाईवाल, पारस, रामेश्वर सैनी व लालचंद सैनी सहित समाज के कई लोग मौजूद थे।

# ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में सीएचओ संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

खबरों की दुनिया

**निवाई।** राजस्थान एसोसिएशन ऑफ कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) संघ ने हाल ही में जारी ऑन लाइन उपस्थिति आदेश का कड़ा विरोध जताया। आदेश के विरोध में संघ ने उपखंड अधिकारी रामकरण सिंह को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) राजस्थान द्वारा केवल सीएचओ वर्ग के लिए लागू की गई ऑन लाइन उपस्थिति प्रणाली के आदेश के विरुद्ध है। संघ के अध्यक्ष शोभाराम चौधरी ने बताया कि यह आदेश पूरी तरह से भेदभाव पूर्ण है। उन्होंने कहा कि यदि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ऑन लाइन उपस्थिति लागू की जा रही है



तो इसे सभी कैडरों पर समान रूप से लागू किया जाना चाहिए। केवल सीएचओ वर्ग को बार-बार नई व्यवस्थाओं के दायरे में लाना अनुचित और न्याय संगत नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि सीएचओ वर्ग सदैव अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहा है और किसी भी नई प्रणाली का विरोध नहीं करता है। लेकिन भेदभावपूर्ण आदेशों के खिलाफ आवाज उठाना आवश्यक है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विभाग इस आदेश पर पुनर्विचार नहीं करता या इसे अन्य कैडरों पर समान रूप से लागू नहीं करता तो सीएचओ संगठन अनिश्चितकालीन हड़ताल और कार्य बहिष्कार कर सकता है।

इस दौरान लोकेश टेलर, मुकेश चौधरी, सूरज गुर्जर, जितेन्द्र डाबरिया, महेंद्र सैनी, उम्मेद गुर्जर व बलराम निराला मौजूद थे।

## अवैध रवन्ना से बजरी परिवहन करते डम्पर जब्त, चालक गिरफ्तार



खबरों की दुनिया

**निवाई।** निवाई सदर थाना पुलिस ने अवैध रवन्ना से बजरी परिवहन करते हुए एक टेलर को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि पुलिस टीम ने फर्जी रवन्ना से बजरी परिवहन करते हुए एक डंपर टिपर को जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में डंपर चालक हीरालाल पुत्र घासीदास बैरवा निवासी छाण बासूर्या थाना मेहंदवास को गिरफ्तार किया है।

## राजस्थान क्षेत्रीय विज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता में निवाई के छात्र रहे प्रथम



### अखिल भारतीय प्रतियोगिता में राजस्थान का करेंगे प्रतिनिधित्व

खबरों की दुनिया

**निवाई।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित राजस्थान क्षेत्रीय विज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता में निवाई माध्यमिक सरस्वती विद्या मंदिर के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर टोंक जिले व निवाई का नाम रोशन किया है। टीम प्रभारी दिलीप यादव एवं हेमराज सैनी ने बताया कि क्षेत्रीय विज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन सूरतगढ़ श्रीगंगानगर में किया गया था। जिसमें विद्या मंदिर के छात्र दक्ष मधुकर, भव्य गुप्ता व हिमांशु जोशी ने भाग लिया। तीनों विजेता छात्रों का अतिथियों ने सम्मान किया। विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य गोविंदनारायण शर्मा ने बताया कि विजेता छात्र अखिल भारतीय प्रतियोगिताओं में राजस्थान क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## राजकीय चिकित्सालय में नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित, नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर में 15 रोगियों का सफल आपरेशन









खबरों की दुनिया

**निवाई।** उपखण्ड मुख्यालय पर स्थित लायंस क्लब निवाई द्वारा राजकीय चिकित्सालय निवाई में नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 75 लोगों की आंखों की जांच की गई। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी विमल जौंला ने बताया कि शिविर में 60 मरीजों को दवाई व इलाज हेतु सलाह देकर शेष 15 मरीजों का डाक्टर ममता बिजरानिया द्वारा लैंस प्रत्यारोपण करवाया गया। इस दौरान लायंस क्लब के संरक्षक हुकमचंद जैन सेक्रेटरी मुकेश विजय पूर्व कोषाध्यक्ष महेन्द्र लावा रामगोपाल सेवलिया प्रिंसिपल हनुमान सहाय जैन चिकित्सा प्रभारी डाक्टर राजेश जैन नेत्र रोग विशेषज्ञ ममता बिजारणियां एवं विमल जौंला ने ऑपरेशन के बाद सभी मरीजों को काला चश्मा आंखों की सुरक्षा हेतु भेंट किया गया।

## अष्टमी पर्व पर श्रीराम महाराज अघोरी ने 700 महिलाओं को कम्बल देकर किया सम्मानित



### सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया मातारानी के दर्शन

खबरों की दुनिया

**निवाई।** कांटोली के माँ भद्रकाली एवं शिव मंदिर में अष्टमी पर्व पर पीठाधीश्वर संत श्रीराम महाराज अघोरी के सान्निध्य में भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए और आस्था एवं आध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम को लेकर दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें श्रीराम महाराज अघोरी ने भक्तों के साथ 700 महिलाओं को कम्बल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर करीब 500 श्रद्धालुओं ने देसी जड़ी-बूटियों से निर्मित औषधि का सेवन कर जीवनभर नशामुक्त रहने का संकल्प लिया एवं शराब, गांजा, भांग, अफीम व स्मैक जैसे नशों से दूर रहने की शपथ लेते हुए इन लोगों ने नया जीवन आरंभ करने का प्रण किया। श्रीराम महाराज अघोरी ने प्रवचन देते हुए कहा कि देश की सुरक्षा और हिंदू समाज की एकता के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। हर भक्त को अपने बच्चों को संघ के संस्कारों से जोडना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जब तक शरीर में प्राण है, भक्तों की सेवा और धर्म रक्षा का कार्य निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने लव जिहाद जैसे सामाजिक विषयों पर भी अपने विचार व्यक्त करते हुए युवतियों को सजग रहने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में करीब 300 बालिकाओं ने भी यह संकल्प लिया कि वह किसी भी प्रकार के छलावे या भ्रामक संबंधों के जाल में नहीं फँसेंगी और अपने धर्म-संस्कारों के प्रति निष्ठावान रहेंगी। इस भव्य आयोजन में भजन सम्राट संत प्रकाशदास महाराज की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ा दी। पूरे परिसर में जय माँ भद्रकाली और हर हर महादेव के जयघोष से वातावरण गूंजायमान हो उठा।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई स्थगित, आज होनी थी जनसुनवाई

**टोंक।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में आज होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर के आयोजन के कारण स्थगित की गई है।

## आज 3 घंटे शट डाउन रहेगा

**निवाई।** आज विद्युत लाइन के रख रखाव के चलते 3 घंटे शट डाउन रखा जाएगा। कनिष्ठ अभियंता शहर द्वितीय लकी गोठवाल ने बताया कि मरम्मत कार्य के चलते सुबह 7:30 से 10:30 तक एफसीआई गोदाम, हनुमान नगर, जमात, एमडीएस स्कूल के आसपास, विकास कॉलोनी, शिवमंगल गार्डन के आसपास के क्षेत्र, नगर पालिका कार्यालय के आसपास का क्षेत्र, इंदिरा कॉलोनी 80 फीट रोड, बापू नगर, पटेल रोड, मालियों का मोहल्ला, कीर कॉलोनी व दशहरा मैदान क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर का हुआ आयोजन

## एनएसएस युवाओं को सामाजिक नागरिक बनता है : दीपकराज जैन

खबरों की दुनिया

**निवाई।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. छोटूलाल मीणा ने बताया कि शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि नोडल प्राचार्य डॉ. डीआर जैन, कन्या महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रीति जैन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ रूपा चौधरी द्वारा मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन करके किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. छोटूलाल मीणा ने एनएसएस के कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में जानकारी देते हुए एनएसएस के उद्देश्य को अवगत करवाते हुए कहा कि एनएसएस युवाओं को सामाजिक नागरिक बनता है। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. डीआर जैन ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना में निस्संकोच व निस्वार्थ भाव से कार्य करने की प्रेरणा प्रदान की तथा





एनएसएस के लक्ष्य व उद्देश्यों को प्राप्त करने व शिक्षा के साथ सामाजिक कार्य समाज सेवा करने के लिए प्रेरित किया। कन्या महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रीति जैन ने बताया कि स्वयंसेवकों को अनुशासन में रहते हुए अपने दायित्व का निर्वहन करते रहना एनएसएस के स्वयंसेवकों की प्रथम जिम्मेदारी है।

डॉ. रूपा चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना में कार्य करते हुए युवा राष्ट्रीय कार्यक्रम में अपना रोल अदा करते हैं तथा राष्ट्र को उन्नति की ओर ले जाते हैं। कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला समन्वयक डॉ. छोटूलाल मीणा ने प्रथम एक दिवसीय शिविर के कार्यक्रम की गतिविधियों के बारे में स्वयंसेवकों को जानकारी प्रदान की। उसके बाद छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया गया। जिसके तहत पौधों की कटाई छटाई व साफ सफाई का कार्य किया। इस दौरान कक्षा-कक्षों में भी सफाई का कार्य किया।

## ग्राम विकास समिति अध्यक्षों की हुई आमसभा, सरकारी चारा डिपो खोलने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



खबरों की दुनिया

**निवाई।** सिकोईडिकोन संस्था के तत्वावधान में डाक बंगला में ग्राम विकास समिति अध्यक्षों की आमसभा की बैठक किसान सेवा समिति अध्यक्ष मदनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। शाखा प्रभारी अनीता शर्मा ने बताया कि बैठक में 80 गांवों के ग्राम विकास समिति अध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक में पशुओं के लिए चारा, बीसलपुर पेयजल, सडक़, चरागाह अतिक्रमण, जंगली सुअरों द्वारा फसल को नुकसान पहुंचाने आदि समस्याओं पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया गया कि इस वर्ष अतिवृष्टि के होने से पशुओं के लिए चारे की समस्या उत्पन्न हो रही है जिस पर महासंघ अध्यक्ष बद्रीनारायण जाट के नेतृत्व में किसान सेवा समिति प्रतिनिधि राजाराम जाट, दयाराम गुर्जर, दामोदरप्रसाद शर्मा, संतोष कंवर व जगदीश बैरवा द्वारा सरकारी चारा डिपो खोलने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। शाखा प्रभारी शर्मा ने अध्यक्षों को संगठन की मजबूती के लिए प्रेरित किया।

एक्सेस एग्रीकल्चर द्वारा बनाई गई इंटीग्रेटेड फार्मिंग मॉडल पर आधारित शॉर्ट फिल्म दिखाकर किसानों को पोषण वाटिका, किचन गार्डन व पशु उपचार सहित कई विषयों पर जानकारी दी गई। बैठक में संस्था से कन्हैयालाल शर्मा, अर्जुनदेव बैरवा, ममता शर्मा, केदारमल व दिलखुश बैरवा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रजवास गांव में आए विदेशी पक्षी मेहमान



खबरों की दुनिया

**निवाई।** गांव रजवास में देवनारायण भगवान मंदिर के पिछे खेतो में मोट्यावाला तालाब में बुधवार को सुबह सुबह बहुत से साइबेरियन पक्षी देखने को मिले है। वनमित्र रामप्रसाद गुर्जर रजवास ने बताया कि साइबेरियन पक्षी विदेशों से आते है। जिनको देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

दीपावली के त्यौहार को लेकर बाजारों में बढ़ने लगी रोनक

## घरो व ऑफिसो की साफ-सफाई व रंग रोगन का कार्य युद्ध स्तर पर



खबरों की दुनिया

**निवाई।** दीपावली के त्यौहार को लेकर शहर के बाजारों में ग्राहकों की भीड़ आना शुरू हो गई है। बाजारों में स्थित रेडिमेड गारमेंटस, क्लाथ स्टोर्स, फेन्सी स्टोर, शूज स्टोर व घरों को सजाने के सामानों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। भीड़ के चलते बाजारों में रोनक हो रही है। शहर में जगह-जगह पोस्टर के कॉउण्टर सजे हुए हैं जिन पर लोग अपनी पसन्द के पोस्टर खरीदने में लगे हैं वहीं कई दुकानों के बाहर आतिशबाजी के आईटमों की बिक्री भी शुरू हो गई है। शहरी क्षेत्र के ग्राहकों के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्र के ग्राहक भी खरीदारी कर रहे हैं। इसी प्रकार घरो व ऑफिसो की साफ-सफाई व रंग रोगन का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। जिसको लेकर रंग रोगन की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ लगी रहती है।

## एमडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन में हुआ प्रतिभाओं का सम्मान

खबरों की दुनिया

**चिड़ावा।** झुंझुनूं रोड़ स्थित एमडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन द्वारा संचालित फाउंडेशन व बोर्ड क्लासेज में श्रेष्ठ रैंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शुभारम्भ एमडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन सुनील कुमार डांगी, मैनेजिंग डायरेक्टर समित डांगी व मैनेजमेंट सदस्यों ने किया। इस अवसर पर 12 विज्ञान संकाय, एग्रीकल्चर संकाय व आर्ट्स संकाय में क्रमशः टॉप रैंक प्राप्त विद्यार्थी प्रिया पुत्री ओमप्रकाश, प्रिया पुत्री उम्मेद सिंह व हितेश पुत्र सज्जन को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गोल्ड मैडल, अंजलि पुत्री जगदीप सिंह, विनीता पुत्री संदीप कुमार व साक्षी पुत्री प्रमोद कुमार नेहरा को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सिल्वर मेडल व साक्षी पुत्री महेश कुमार, ज्योति पुत्री प्रेमचंद व सजल पुत्री जोगेंद्र सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर ब्रोंज मैडल देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में फाउंडेशन मेजर टेस्ट व प्री बोर्ड में श्रेष्ठ रैंक प्राप्त करने पर नित्या पुत्री मुकेश सैनी, दीक्षा पुत्री संदीप कुमार, प्रिंस यादव पुत्र





प्रेमदीप यादव व हिमांशु पुत्र विकाश कुमार को प्रथम स्थान के साथ गोल्ड मेडल, काजल पुत्री श्याम प्रताप, इशांत पुत्र प्रदीप कुमार व मोक्ष ओला पुत्र दिनेश कुमार को द्वितीय स्थान के साथ सिल्वर मेडल व प्राची पुत्री प्रवेश कुमार, खुशी पुत्री सतीश कुमार यादव, पारस शर्मा पुत्र प्रहलाद शर्मा, मृदुल शर्मा पुत्र रितेश कुमार शर्मा व योगेश पुत्र राजेंद्र कुमार को ब्रोंज मेडल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एम डी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चैयरमेन सुनील कुमार डांगी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना प्रकट करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ - साथ संस्कार, संस्कृति व नैतिक मूल्यों के प्रति भी जागरुक होना चाहिए। एम डी ग्रुप ऑफ एजुकेशन राजस्थान मे अपनी श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने की परंपरा के रूप में जाना जाता है। इस तरह के सम्मान समारोह से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, लक्ष्य के प्रति दृढ संकल्पिता व बौद्धिकता के साथ साथ प्रतिस्पर्धा की भावना का भी विकास होता है। इस अवसर पर एम डी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के समस्त सदस्य उपस्थित रहें।

खबरों की दुनिया
**एक नज़र**



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से बुधवार को राजभवन में कानून एवं न्याय और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने मुलाकात की। राज्यपाल बागडे से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

## एसएमएस मेडिकल कॉलेज में 'खबरों की दुनिया' अखबार की चर्चा



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज जयपुर में आयोजित फॉर्निक्स क्वीज के आयोजन की खबरों की दुनिया में प्रकाशित खबर पूरे मेडिकल कॉलेज में चर्चा का विषय बन गई है। स्टूडेंट वेलफेयर की डीन एवं माइक्रोबाइलॉजी की प्रोफेसर डॉ. अनिता सिंघल एसआरक्यूसी के अध्यक्ष डॉ. वंश गुप्ता एवं उपाध्यक्ष डॉ.तौषित विजयवर्गीय के साथ खबरों की दुनिया का अवलोकन करते हुए।

## मदन दिलावर महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती घायलों से मिले, जानी कुशलक्षेम



### कहा - यह त्रासदी अत्यंत पीड़ादायक, सरकार हर घड़ी प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है

खबरों की दुनिया

**जोधपुर।** जिले के प्रभारी मंत्री मदन दिलावर बुधवार को जैसलमेर बस दुखांतिका में घायल हुए यात्रियों से मिलने महात्मा गांधी अस्पताल के बर्न यूनिट पहुंचे ।

महात्मा गांधी अस्पताल के बर्न यूनिट में भर्ती घायलों की कुशलक्षेम पूछते हुए उन्होंने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। परिजनों से बातचीत के दौरान दिलावर ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह समय पूरे प्रदेश को एक सूत्र में बाँधने का है। राज्य सरकार इस दुःख की घड़ी में प्रत्येक प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार का हर विभाग राहत और सहयोग के कार्यों में सक्रिय है।

विकसित राजस्थान @2047 विजन डाक्यूमेंट : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विकसित राजस्थान के विजन को साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम

# आर्थिक समृद्धि, सतत और समावेशी विकास के लक्ष्यों के सफल क्रियान्वयन की कार्य योजना तैयार

खबरों की दुनिया




**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत @2047 के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने की दिशा में राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विकसित राजस्थान @ 2047 विज़न डॉक्यूमेंट तैयार किया है। राज्य सरकार ने प्रदेश के दूरदर्शी विकास की संकल्पना को समर्पित इस विजन डॉक्यूमेंट की कार्य योजना तैयार करने के साथ ही प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य की ओर बड़ा कदम बढ़ाया है। गरीब, युवा, महिला और किसानों के सशक्तीकरण को केन्द्र में रखते हुए यह दस्तावेज समावेशी विकास की भावना को साकार करने की दिशा में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### राजस्थान का संकल्प - सशक्त नागरिक, सतत विकास और पारदर्शी शासन

राज्य सरकार के इस विज़न डॉक्यूमेंट का उद्देश्य है कि वर्ष 2047 तक राजस्थान एक ऐसे अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित हो, जो समावेशी और सतत विकास, विश्वस्तरीय अवसंरचना, पर्यावरण संरक्षण, पारदर्शी शासन और नागरिक सशक्तीकरण के आधार पर नए भारत के निर्माण में भागीदारी निभाए। यह डॉक्यूमेंट राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्रदेश के नागरिकों की आकांक्षाओं के अनुरूप तैयार किया गया है।

इसके अन्तर्गत विस्तृत कार्य योजना के माध्यम से प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, जल प्रबंधन, शहरी विकास, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक व आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में विकास के लिए लक्ष्य तय किये गए हैं। इनके अनुरूप प्रदेश में शत-प्रतिशत साक्षरता, कौशल आधारित शिक्षा, सुलभ एवं आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, जलवायु अनुकूल-जल प्रबंधन, स्मार्ट शहरीकरण और किफायती आवास सुनिश्चित किए जाएगें। साथ ही, महिलाओं और युवाओं को कौशल, उद्यमिता एवं नेतृत्व के अवसर प्रदान कर उनकी राज्य के विकास यात्रा में भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

### समावेशी विकास के चार स्तंभ

यह विजन चार प्रमुख थीम और 13 सेक्टर्स पर आधारित है। पहली थीम जनकल्याण और सामाजिक सशक्तीकरण है, जिसमें कृषि-खाद्य प्रणाली, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक समावेशन जैसे आयाम शामिल हैं। दूसरी थीम त्वरित विकास, समृद्धि और रोजगार सृजन पर केंद्रित है, जिसके अंतर्गत औद्योगिक, खनन और पर्यटन क्षेत्रों में नई संभावनाएं विकसित की जा रही हैं। तीसरी थीम भविष्य उन्मुख राजस्थान की है, जिसमें आधारभूत अवसंरचना, जल सुरक्षा, पर्यावरणीय स्थायित्व और जलवायु अनुकूलता को प्राथमिकता दी गई है। चौथी थीम संवर्धक नीति, वित्त और शासन की है, जो ग्रामीण व शहरी विकास, प्रभावी शासन, डिजिटल सेवाओं और वित्तीय प्रबंधन को मजबूत करने पर केंद्रित है। राज्य सरकार ने वर्ष 2047 तक 4.3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस विजन डॉक्यूमेंट में वर्ष 2047 तक कृषि क्षेत्र में जलवायु अनुकूल और तकनीक आधारित खेती के माध्यम से उत्पादकता में 40 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। हर नागरिक को स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में लाने, मातृ मृत्यु दर को 15 तक लाने, शिशु मृत्यु दर को प्रति हजार जीवित जन्मों पर 10 से कम करने और जीवन प्रत्याशा को 77 वर्ष तक पहुंचाने की योजना बनाई गई है। विजन डॉक्यूमेन्ट के अनुसार औद्योगिक विकास के माध्यम से राज्य में एक करोड़ से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। शिक्षा एवं ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के विकास के लिए कौशल आधारित शिक्षा प्रणाली लागू करने, कम्प्यूटर युक्त स्मार्ट विद्यालयों की स्थापना तथा 2047 तक शत-प्रतिशत स्कूली नामांकन का लक्ष्य निर्धारित भी किया गया है। महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में महिलाओं की कार्यबल भागीदारी 60 प्रतिशत से अधिक करने का संकल्प लिया गया है। राज्य सरकार द्वारा निर्यात को भी पांच गुना बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

विजन डॉक्यूमेंट में राज्य सरकार द्वारा ऊर्जा क्षेत्र में राज्य को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन को 33 गीगावाट से बढ़ाकर 290 गीगावाट करने की योजना बनाई गई है। इसके साथ ही विद्युत आपूर्ति को 24x7 करने का भी लक्ष्य रखा गया है। पर्यावरण संरक्षण के लिए राज्य को कार्बन तटस्थ बनाने और जैव विविधता संरक्षण को नीति के केंद्र में रखा गया है। राज्य सरकार का विजन है कि प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो।

### लक्ष्यों के सफल क्रियान्वयन की कार्यविधि

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में तैयार यह विज़न डॉक्यूमेंट राजस्थान इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मेशन एंड इनोवेशन द्वारा नीति आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तैयार किया गया है, जिसे राज्य मंत्रिमंडल ने 23 अगस्त, 2025 को अनुमोदित किया। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने 13 अक्टूबर को विकसित राजस्थान @2047 की कार्ययोजना विमोचन किया।

इस दस्तावेज को राज्य, संभाग और जिला स्तर पर 1156 बैठकों के माध्यम से सुझाव प्राप्त कर तैयार किया गया है। विभिन्न स्तरों पर हितधारकों, विषय विशेषज्ञों, विभागीय अधिकारियों से गहन चर्चा तथा आमजन से प्राप्त सुझावों के आधार पर वर्ष 2030, 2035, 2040 और 2047 के लक्ष्य तय किए गए हैं। विजन के सफल क्रियान्वयन की दृष्टि से मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी बनाई गई है। साथ ही, 45 विभागों को 13 सेक्टरों में विभाजित करते हुए नोडल विभाग नामित किए गए हैं तथा विभागीय स्तर पर परियोजना प्रबंधन इकाइयां भी स्थापित की गई हैं।

जोधपुर प्रभारी मंत्री मदन दिलावर ने किया क्षेत्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला का निरीक्षण

# डीएनए परीक्षण प्रक्रिया की ली विस्तृत जानकारी, वैज्ञानिकों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

खबरों की दुनिया

**जोधपुर।** शिक्षा एवं पंचायती राज एवं जोधपुर के जिला प्रभारी मंत्री मदन दिलावर ने बुधवार को जोधपुर जिला स्थित क्षेत्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (Regional Forensic Science Laboratory, Jodhpur) का निरीक्षण किया। उन्होंने जैसलमेर बस दुर्घटना में लापता अथवा पहचान के लिए प्रस्तुत किए गए मृतकों के डीएनए सैम्पलों के परीक्षण कार्य की स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मंत्री दिलावर ने प्रयोगशाला के डीएनए अनुभाग का भ्रमण किया तथा उपस्थित वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों से परीक्षण की सम्पूर्ण प्रक्रिया, सैम्पल रिसीविंग से लेकर प्रोफाइल जेनरेशन तक के प्रत्येक चरण की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सैम्पलों की प्राथमिक स्क्रीनिंग, आइसोलेशन, एम्प्लीफिकेशन तथा डाटा विश्लेषण की प्रणाली का जायज़ा लिया और परीक्षण प्रक्रिया को समयबद्ध एवं वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### सुविधाओं एवं संसाधनों की स्थिति की ली समीक्षा

निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने प्रयोगशाला में उपलब्ध डीएनए एनालाइजर, थर्मल साइक्लर, सीक्वेंसर, बायोसेफ्टी कैबिनेट और डेटा इंटरप्रिटेशन सिस्टम्स की कार्यस्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से परीक्षण क्षमता, लंबित सैम्पलों की संख्या तथा अन्य जिलों से प्राप्त रेफरेंस सैम्पलों की स्थिति पर भी जानकारी प्राप्त की। प्रभारी मंत्री दिलावर ने कहा कि ऐसी आपात परिस्थितियों में प्रयोगशाला का कार्य राज्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने वैज्ञानिकों को प्रेरित करते हुए कहा कि मानवीय संवेदनाओं के साथ तकनीकी दक्षता का संतुलन बनाए रखते हुए कार्य करें।

निरीक्षण के दौरान युवा मामले एवं खेल विभाग राज्यमंत्री केके विश्नोई, जैसलमेर विधायक छोटू सिंह भाटी, प्रभारी सचिव जोधपुर दिनेश कुमार, जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल, एफएसएल निदेशक अजय शर्मा सहित वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, डीएनए डिवीजन के विशेषज्ञ तथा जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।



**प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत के दिए निर्देश**

प्रभारी मंत्री दिलावर ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुःखद है और राज्य सरकार प्रत्येक प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि डीएनए परीक्षण रिपोर्टों को शीघ्रतम समय में पूर्ण कर जिला प्रशासन को उपलब्ध कराया जाए, ताकि मृतकों की पहचान कर उनके परिजनों को यथाशीघ्र आवश्यक सहयोग और राहत प्रदान की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि फोरेंसिक जांच की सटीकता और पारदर्शिता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा प्रत्येक सैम्पल की सुरक्षा, रिकॉर्ड-कीपिंग और टेस्टिंग लॉग्स को वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप संधारित किया जाए।

## जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु ऑर्गेनिक फूड मार्केट का शुभारंभ, कृषि ज्ञान धारा 2.0 का विधिवत प्रमोचन

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राज्य कृषि प्रबंध संस्थान, दुर्गापुरा, जयपुर में गुरूवार 16 अक्टूबर को दोपहर 2.30 बजे कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल द्वारा ऑर्गेनिक फूड मार्केट का उद्घाटन, कृषि ज्ञान धारा 2.0 का प्रमोचन और IHITC संस्थान की वार्षिक पत्रिका हरित दर्पण का विमोचन किया जायेगा।

शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल ने बताया कि आधुनिक सूचना तकनीकी एवं सोशल मीडिया का उपयोग करते हुए कृषि संबंधी तकनीकी जानकारी एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से कृषि ज्ञान धारा 2.0 कार्यक्रम चलाया गया है। कृषि ज्ञान धारा कार्यक्रम को परस्पर संवादात्मक बनाकर और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कृषि ज्ञान धारा 2.0 संस्करण पायलट आधार पर मार्च 2025 से शुरू किया गया था। जिसका गुरूवार 16 अक्टूबर को विधिवत रूप से प्रमोचन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में कृषि विश्व विद्यालयों के वैज्ञानिक एवं विभागीय अधिकारी भाग लेते हैं तथा कृषि संबंधित समसामयिक विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा सरल एवं रोचक जानकारियां कृषकों को दी जा रही हैं। यह कार्यक्रम विभागीय यू-ट्यूब चैनल पर प्रत्येक गुरूवार को सांय 3.00 बजे से 4.00 बजे तक प्रसारित किया जाता है जिसमें 40 मिनट कृषि संबंधी जानकारियां एवं 20 मिनट प्रश्नोत्तर व कृषकों से संवाद किया जाता है। कार्यक्रम में किसानों से उनकी समस्याएं जानकर कार्यक्रम में ही उनका उचित समाधान किया जाता है। कृषि ज्ञान धारा 2.0 पायलट में अब तक 27 एपिसोडों का प्रसारण कर 5 लाख कृषकों को लाभान्वित किया जा चुका है। राजन विशाल ने कहा कि राज्य में जैविक खेती से जुड़े उत्पादकों को उपभोक्ताओं तक पहुंचाने तथा उपभोक्ताओं को प्रमाणित जैविक उत्पाद उपलब्ध करवाने की दृष्टि से कृषि एवं कृषि विपणन विभाग द्वारा ऑर्गेनिक फूड मार्केट की स्थापना की गई है। प्रथमतः प्रायोगिक आधार पर ऑर्गेनिक मार्केट का संचालन राज्य कृषि प्रबंध संस्थान, दुर्गापुरा, में साप्ताहिक आधार पर प्रत्येक शनिवार व रविवार को प्रातः 10.00 बजे से सांय 6.00 बजे तक किया जायेगा।

**शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान**

# पालड़ी मीणा में 100 किलो मिलावटी पनीर नष्ट करवाया



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण के आयुक्त डॉ टी शुभमंगला के निर्देश पर सीएमएचओ जयपुर द्वितीय की टीम ने आगरा रोड पालड़ी मीणा में मिलावटी पनीर पर कार्यवाही करते हुए सौ किलो मिलावटी पनीर नष्ट करवाया।

सी एम एच ओ जयपुर द्वितीय डॉक्टर मनीष मित्तल ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार दीपावली के त्यौहार के मध्यनजर अलग–अलग टीमें बनाकर सघन अभियान के रूप में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य सामग्री विशेषकर घी,तेल, मसाले,पनीर,मावा, मिठाइयों की निर्माण इकाइयों एवं विक्रेताओं पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

इसी क्रम में टीम ने बुधवार को सुबह पालड़ी मीणा में मिलावटी पनीर के एक कारखाने पर कार्यवाही करते हुए 100 किलो मिलावटी पनीर नष्ट करवाया। मुस्तफा खान प्रताप डेयरी के नाम से कारखाना चला रहा था। उसने बताया कि बड़ौदामेव अलवर से दूध मंगवाकर पनीर तैयार करते हैं। मौके पर दूध से क्रीम निकालने की मशीन लगी हुई थी। मुस्तफा ने स्वीकार किया किया कि दूध में से फैट निकालकर पनीर तैयार करता है और ढाबों रेस्टोरेंट पर रुपए 220 प्रतिकिलो में बेचता है। इस तरह से दूध में से क्रीम निकालकर मिलावटी पनीर तैयार किया जा रहा था।पूर्व में भी इस कारखाने पर कार्यवाही में लिए गए नमूने अमानक पाए गए थे। कार्यवाही में 100 किलो मिलावटी पनीर नष्ट करवाया गया। परिसर में गंदगी और अनहाइजेनिक तरीके से पनीर तैयार किया जा रहा था। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार पनीर निर्माण पर अग्रिम आदेशों तक पाबंदी लगाई गई।

फर्म को इंप्रूवमेंट नोटिस जारी कर नमूने की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी,विनोद थारवान एवं राजेश नागर शामिल रहे।

## आगामी बिहार चुनाव एवं अंता उपचुनाव में धनबल के उपयोग को रोकने हेतु चुनाव आयोग ने प्रवर्तन एजेंसियों को सख्त निर्देश जारी किए

**जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने 6 अक्टूबर, 2025 को बिहार विधान सभा के आम चुनाव और 8 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की थी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि आयोग ने धनबल, मुफ्तखोरी, नशीले पदार्थों, ड्रग्स और शराब के अवैध उपयोग को रोकने के लिए सभी संबंधित प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव में उम्मीदवारों के चुनावी खर्च की प्रभावी निगरानी के लिए व्यय पर्यवेक्षक नामित किए गए हैं। निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसी चुनाव अधिसूचना के दिन से सक्रिय हैं। मतदाताओं को प्रभावित करने के प्रयासों पर नजर रखने हेतु उड़न दस्ते, निगरानी दल और वीडियो निगरानी टीमें 24 घंटे सतर्क रहेंगी।

निर्वाचन आयोग ने चुनाव अवधि के दौरान एफएस, एसएसटी एवं प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा की गई जब्ती और अवरोधन की रिपोर्टिंग के लिए ऑनलाइन प्रणाली इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) भी सक्रिय कर दी है।

## 16 अक्टूबर को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई स्थगित

**जयपुर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार 16 अक्टूबर गुरुवार को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई को स्थगित किया गया है। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप जिले में ग्रामीण सेवा शिविर एवं शहरी सेवा शिविर का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के सफल संचालन हेतु प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की गई है। उक्त शिविरों के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँचाने एवं समस्याओं के त्वरित समाधान की व्यवस्था की जा रही है।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक अजय भारतीय के लिए **आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स**, सेक्टर11, अग्रवाल फार्म जयपुर से मुद्रित एवं सिविल लाइन रोड़, तालकटोरा चौराहा, टोंक से प्रकाशित। **सम्पादक :** बाबूलाल शर्मा 9414045027, 244427 **प्रधान कार्यालयः** मानसरोवर जयपुर फोनः 9829061123